दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 115 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर। गुरुवार, 26 फरवरी 2026 । फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष दशमी , संवत्-2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# मोदी को इजराइली संसद का सर्वोच्च सम्मान

## पीएम ने हमास हमले की निंदा की; कहा- आपका दर्द समझते हैं



### मोदी के संबोधन की बड़ी बातें

- **इजराइली संसद में बोलना सम्मान-** इजराइली संसद के सामने खड़े होकर खुद को सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं एक प्राचीन सभ्यता भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दूसरी प्राचीन सभ्यता को संबोधित कर रहा हूं।
- **140 करोड़ भारतीयों का संदेश लेकर आया हूं-** 140 करोड़ भारतीयों की ओर से आपके लिए शुभकामनाएं, मित्रता, सम्मान और मजबूत साझेदारी का संदेश लेकर आया हूं।
- **भारत में यहूदी हमेशा सुरक्षित रहे-** गर्व से कह सकता हूं कि भारत में यहूदी समुदाय बिना किसी डर, भेदभाव या उत्पीड़न के साथ रहा है। उन्होंने अपनी आस्था को सुरक्षित रखा और समाज में पूरी भागीदारी की।
- **भारत-इजराइल में 2 हजार साल पुराने रिश्ते-** भारत और इजराइल का रिश्ता 2 हजार साल से भी पुराना है। बुक ऑफ एस्तेर में भारत का जिक्र मिलता है और तलमुद में हमारे व्यापारिक संबंधों का उल्लेख है।
- **फर्स्ट वर्ल्ड वॉर में भारतीय सैनिकों ने बलिदान दिया-** फर्स्ट वर्ल्ड वॉर के दौरान इस क्षेत्र में 4 हजार से ज्यादा भारतीय सैनिकों ने बलिदान दिया था। हमारा रिश्ता खून और त्याग से भी जुड़ा है।
- **आतंकवाद कभी सही नहीं-** किसी भी कारण से आम नागरिकों की हत्या को सही नहीं ठहराया जा सकता। आतंकवाद कभी भी जायज नहीं है। भारत ने भी आतंकवाद का दर्द झेला है, इसलिए हमारी नीति स्पष्ट और सख्त है।
- **गाजा पहल का समर्थन-** यूएनएससी समर्थित गाजा शांति पहल का समर्थन करता हूं। मुझे विश्वास है कि यह पहल क्षेत्र में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति ला सकती है। भारत बातचीत, शांति और स्थिरता के लिए आपके साथ खड़ा है।

### नेतन्याहू बोले- मोदी एशिया के शेर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दो दिन के इजराइल दौरे पर पहुंचे। इस दौरान इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया।

यहां उन्होंने इजराइली संसद नेसेट को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी को संसद का सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' दिया गया।

नेसेट को संबोधित करते हुए मोदी ने इजराइल पर हमास के हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि हम आपके दर्द को समझते हैं, भारत लंबे वक्त से आतंकवाद से पीड़ित है।उन्होंने यह भी कहा कि भारत इजराइल के साथ खड़ा है। वहीं नेतन्याहू ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी मेरे भाई जैसे हैं, मेरे दिल में उनके लिए खास जगह है। उन्होंने मोदी को एशिया का शेर और दुनिया का सम्मानित नेता बताया। मोदी नेसेट को संबोधित करने पहले भारतीय प्रधानमंत्री है। संसद पहुंचने पर सांसदों ने मोदी का खड़े होकर स्वागत किया और मोदी मोदी के नारे लगाए।

#### एयरपोर्ट पर नेतन्याहू-मोदी ने प्राइवेट बातचीत की

इससे पहले एयरपोर्ट पर ही क्क मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। इसके बाद वे होटल पहुंचे जहां, प्रवासी भारतीयों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कलाकारों ने परफोर्मेंस भी दी। मोदी का यह 9 साल बाद दूसरा इजराइल दौरा है। इससे पहले वे जुलाई 2017 में तेल अवीव गए थे।

#### नेतन्याहू बोले- मोदी मेरे भाई जैसे हैं

मोदी से पहले इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी मेरे भाई जैसे हैं, मेरे दिल में उनके लिए खास जगह है। उन्होंने मोदी को दुनिया का सम्मानित नेता बताया। इससे पहले नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इस दौरान राष्ट्रगान की धुन के साथ पीएम का स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर ही पीएम मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। इसके बाद वे होटल पहुंचे जहां, प्रवासी भारतीयों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कलाकारों ने परफोर्मेंस भी दी। मोदी का यह 9 साल बाद दूसरा इजराइल दौरा है। इससे पहले वे जुलाई 2017 में तेल अवीव गए थे।

#### नेतन्याहू बोले- भारत में कभी यहूदियों पर अत्याचार नहीं हुआ

नेतन्याहू ने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारत एक ऐसी सभ्यता है, जहां यहूदियों पर कभी अत्याचार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इतिहास में कई देशों में यहूदियों को परेशान किया गया, लेकिन भारत ने हमेशा उन्हें अपनाया और सम्मान दिया। नेतन्याहू ने कहा- भारत एक ऐसी सभ्यता है जहां यहूदियों का स्वागत किया गया। हम इसे कभी नहीं भूलते। धन्यवाद, भारत।

#### विपक्षी सांसदों ने नेतन्याहू के भाषण का बायकॉट किया

संसद अध्यक्ष अमीर ओहाना ने पीएम मोदी के भाषण के लिए रखे गए विशेष सत्र में सुप्रीम कोर्ट के अध्यक्ष इसहाक एमिट को आमंत्रित नहीं किया। इस फैसले के विरोध में विपक्षी सांसद सत्र की शुरुआत में ही सदन से बाहर चले गए जब विपक्षी सांसद बाहर गए तो उनकी खाली सीटों पर सत्तापक्ष के पूर्व सांसद आकर बैठ गए। कई विपक्षी दलों ने बयान जारी कर कहा कि वे प्रधानमंत्री नेतन्याहू के भाषण में शामिल नहीं होंगे और केवल तब सदन में लौटेंगे जब नरेंद्र मोदी बोलना शुरू करेंगे।

#### नेतन्याहू बोले- भारत और इजराइल के रिश्ते बेहद खास

नेतन्याहू ने भारत और इजराइल के रिश्तों को बेहद खास और मजबूतफ बताया है। उन्होंने कहा कि मेरे और पीएम मोदी के बीच व्यक्तिगत दोस्ती भी बहुत गहरी है। नेतन्याहू ने बताया कि जब प्रधानमंत्री मोदी इजराइल पहुंचे, तो वे और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करने गए थे। उस समय दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगाया। नेतन्याहू ने कहा कि %मोदी हग% दुनिया भर में मशहूर है और यह सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि सच्ची दोस्ती का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वे यही गर्मजोशी इजराइल की संसद नेसेट के सभी सदस्यों तक पहुंचाना चाहते हैं। यह सिर्फ दो नेताओं की दोस्ती नहीं, बल्कि भारत और इजराइल की जनता के बीच मजबूत रिश्तों को दर्शाता है। नेतन्याहू ने भारत को लगभग डेढ़ अरब लोगों वाला एक बहुत बड़ा और शक्तिशाली देश बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि इजराइल भले ही आकार में छोटा हो, लेकिन उसकी ताकत और क्षमताएं भी बहुत बड़ी हैं।

## हाईकोर्ट ने कहा-अगर बच्चा अपनी मां और जैविक पिता के साथ तो अवैध हिरासत नहीं, याचिका खारिज



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अलवर निवासी एक पति ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके कहा कि उसकी पत्नी का अपने जीजा के साथ अवैध संबंध हैं। पत्नी ने अपनी पहचान छिपाते हुए एक बच्चे को जन्म दिया है और बच्चे को अवैध हिरासत में रखा हुआ है। याचिका में बच्चे की जान को खतरा बताते हुए उसकी सुरक्षा के लिए गृह सचिव, एडीजी, ह्युमन ट्रैफिकिंग, एसपी अलवर और संबंधित थानाधिकारी को निर्देश देने की गुहार की गई। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस महेन्द्र गोयल और जस्टिस समीर जैन की कोर्ट ने कहा कि याचिका में ऐसा कोई तथ्य पेश नहीं किया गया, जिससे यह साबित हो सके कि बच्चा अवैध हिरासत में है। वहीं अगर बच्चा अपनी मां और जैविक पिता के साथ है और याचिकाकर्ता स्वंय मान रहा है कि बच्चा उसका नहीं है तो फिर अवैध हिरासत का मामला नहीं बनता हैं। कोर्ट ने कहा कि याचिका कोर्ट की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के इरादे से दायर की गई हैं। ऐसे में यह हर्जाने के साथ खारिज करने योग्य हैं। अदालत ने पति पर 50 हजार की कोस्ट लगाई।

## निवेश के लिए खुले नए रास्ते, 500 एकड़ में बनेगी 'जापान इंडस्ट्रियल सिटी': सीएम योगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** जापान दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेश और औद्योगिक सहयोग को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जापानी निवेशकों के लिए विशेष 'जापान इंडस्ट्रियल सिटी' विकसित की जा रही है, जिसकी निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया गया है।

यह इंडस्ट्रियल सिटी लगभग 500 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जाएगी। इसका उद्देश्य जापान की कंपनियों को विश्वस्तरीय औद्योगिक ढांचा उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने जापान के उद्योग प्रतिनिधियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया। निवेशकों के लिए सुरक्षित और पारदर्शी माहौल-मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार निवेशकों को सुरक्षित, पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल वातावरण प्रदान कर रही है। बीते 9 वर्षों में राज्य में 16 घरेलू और 4 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का संचालन शुरू किया गया है, जिससे कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

## सीएम हेमंत सोरेन को राहत

### ईडी केस में एमपी-एमएलए कोर्ट की कार्रवाई पर रोक, शीर्ष अदालत ने जारी किया नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज शिकायत वाद पर रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा लिए गए संज्ञान को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने रांची की एमपी-एमएलए कोर्ट की विशेष अदालत में चल रही कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगा दी। साथ ही ईडी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इस आदेश के बाद फिलहाल निचली अदालत में आगे की प्रक्रिया स्थगित रहेगी, जिससे मुख्यमंत्री को अस्थायी राहत



मिल गई है। मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई, जिसमें जस्टिस जॉयमंगल बागची भी शामिल थे। मुख्यमंत्री की ओर से सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने पक्ष रखा।

### कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

## दो से अधिक संतान वाले भी लड़ सकेंगे पंचायतीराज और नगरपालिका चुनाव

- आर्थिक अपराधों की प्रभावी रोकथाम के लिए होगा
- राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय का गठन
- औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करने के लिए राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को विधानसभा सचिवालय में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक 2026 और राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक 2026 लाने, राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय के गठन सहित कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए।


उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने कैबिनेट बैठक के बाद विधानसभा में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा-19 और राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा-24 में संशोधन कर राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक 2026 और राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक 2026 लाने का महत्वपूर्ण निर्णय किया गया है। इससे जिन व्यक्तियों के दो से अधिक संतान हैं वे पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरपालिकाओं के चुनाव लड़ सकेंगे। उन्होंने बताया कि दो से अधिक संतान पर चुनाव लड़ने का प्रतिबंध उस समय लागू किया गया था, जब जनसंख्या विस्फोट पर प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता थी। वर्ष 1991-94 के बीच प्रजनन दर 3.6 थी, जो वर्तमान में घटकर 2 रह गई है। ऐसे में इन प्रावधानों का प्रत्यक्ष प्रभाव अब कम होता जा रहा है।

श्री पटेल ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अनुपालना में राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 24 में संशोधन कर धारा 2 को संशोधित करते हुए शब्द कुष्ठ रोग को खतरनाक रोग की श्रेणी से हटाया गया है। जिससे नगरपालिका के आगामी चुनाव में सभी व्यक्तियों को चुनाव लड़ने का समान अवसर मिल सकेगा और कुष्ठ रोगियों का सम्मान भी सुनिश्चित हो सकेगा।



#### भूमि पर अवैध कब्जों से लेकर फर्जी दस्तावेजों जैसे आर्थिक अपराधों की होगी प्रभावी जांच

उपमुख्यमंत्री डॉ . प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि आर्थिक अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा वित्तीय अनुशासन के लिए राज्य राजस्व आसूचना निदेशालय को समाप्त कर राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय के गठन का निर्णय मंत्रिमण्डल में किया गया। उन्होंने बताया कि इससे रियल एस्टेट में धोखाधड़ी, बैंक-बीमा-एनबीएफसी एवं शेयर बाजार से जुड़े वित्तीय अपराध, मल्टी लेवल मार्केटिंग ठगी, झूठा दिवालियापन, फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी तथा फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से नौकरी या प्रवेश से संबंधित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई हो सकेगी। साथ ही, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा या विक्रय, स्टाम्प एवं पंजीयन अनियमितताएं, फर्जी कंपनियों का गठन, सहकारी समितियों में घोटाले जैसे आर्थिक अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सकेगा।



## 75 मीटर नियम पर पुनर्विचार की मांग, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

### हजारों व्यापारियों की आजीविका पर संकट, तत्काल रोक लगाने की अपील

बढ़ता राजस्थान



पावटा (नि.स.) । राजमार्ग के केंद्र बिंदु से 75 मीटर की परिधि में स्थित मकानों, दुकानों एवं अन्य व्यावसायिक संरचनाओं को हटाने की प्रस्तावित कार्यवाही के विरोध में अधिवक्ता देवांश सिंह ने राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े को ज्ञापन प्रेषित कर इस निर्णय पर तत्काल रोक लगाने एवं पुनर्विचार की मांग की है। ज्ञापन में अधिवक्ता देवांश सिंह ने उल्लेख किया कि 75 मीटर नियम के क्रियान्वयन से हजारों छोटे एवं मध्यम वर्ग के व्यापारी सीधे प्रभावित होंगे। वर्षों से संचालित व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर संभावित कार्रवाई से न केवल भारी आर्थिक नुकसान होगा, बल्कि अनेक परिवारों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बिना वैकल्पिक पुनर्वास एवं स्पष्ट मुआवजा नीति के किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ की कार्रवाई जनहित के विपरीत होगी। ज्ञापन में यह भी आग्रह किया गया है कि राज्य सरकार प्रभावित व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के साथ समन्वय बैठक आयोजित कर सर्वसम्मत समाधान निकाले, ताकि सामाजिक व आर्थिक असंतुलन की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही, जब तक पुनर्वास की ठोस नीति घोषित न हो, तब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपि माननीय मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव (लोक निर्माण विभाग), जिला कलेक्टर कोटपूतली-बहरोड़, उपखंड अधिकारी पावटा एवं पुलिस अधीक्षक कोटपूतली-बहरोड़ को भी प्रेषित की गई है।

### 59वां विशाल फाग महोत्सव

## बाँकेबिहारी मंदिर में रंग और भक्ति का अनूठा संगम

### धुलेंडी 3 मार्च को दोपहर 2 बजे से होगा आयोजन, 58 वर्षों की परंपरा फिर होगी जीवंत

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** बाँकेबिहारी मंदिर, सूरजपोल गेट बाहर स्थित मंदिर परिसर में 59वां विशाल फाग महोत्सव एवं रंगोत्सव धुलेंडी, 3 मार्च (मंगलवार) को दोपहर 2 बजे से भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष माणक डाणी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न समितियों का गठन कर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। ब्यावर शहर का प्रथम और सबसे विशाल फाग महोत्सव इसी मंदिर में प्रारंभ हुआ था और गत 58 वर्षों से यह परंपरा उत्साहपूर्वक निभाई जा रही है। इस वर्ष मंदिर परिसर में नवनिर्मित पांडाल में कार्यक्रम आयोजित होगा। हालांकि फाग महोत्सव के दिन चंद्र ग्रहण का साया होने के कारण मंदिर के पट बंद रहेंगे, फिर भी परिसर में आयोजित महोत्सव पूर्व वर्षों की भांति उल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न होगा महोत्सव के संयोजक मंदिर ट्रस्ट मंत्री राजेंद्र गर्ग, सह मंत्री महेंद्र सलेमबादी, ट्रस्टी अविनाश गर्ग व विजय तंवर नियुक्त किए गए हैं, जबकि कांतिलाल डाणी सहसंयोजक रहेंगे। पुष्प वर्षा के मध्य के. सुदामा मंडल द्वारा भागचंद चौहान, महेंद्र सांखला, विजय अनिरुद्ध सहित सहयोगी कलाकारों द्वारा फाग भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी पुष्प व्यवस्था सुरेश रायपुरिया व महेश सिंघल को सौंपी गई है। मंच सज्जा की जिम्मेदारी गोपाल अरोड़ा, मोनू अरोड़ा व गोविंद किशोर गोयल निभाएंगे। पांडाल में महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था शंकरलाल गर्ग, सुलेखा झा, रेखा यादव व सुनीता यादव के संयोजन में की जाएगी। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पधारकर फाग महोत्सव में भाग लेने और धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।



## पंचायती राज आम चुनाव 2026: जिले में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 7,73,222 हुई

### दावे-आपत्तियों के निस्तारण उपरांत अंतिम मतदाता सूची जारी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के तहत निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन 29 जनवरी 2026 को किया गया था। उस समय जिले में कुल 7,52,926 मतदाता दर्ज थे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 जनवरी से 7 फरवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की गईं तथा उनका नियमानुसार निस्तारण किया गया।उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अति. कलक्टर) राजसमंद नरेश बुनकर ने बताया कि प्ररूप-1 के अंतर्गत नाम सम्मिलित करने हेतु कुल 26,227 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 25,163 स्वीकृत तथा 1,068 अस्वीकृत किए गए। प्ररूप-2 के तहत नाम सम्मिलित किए जाने के आक्षेप संबंधी 4,890 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 4,867 स्वीकृत तथा 23 अस्वीकृत किए गए। इसी प्रकार प्ररूप-3 के अंतर्गत प्रविष्टियों में संशोधन हेतु 333 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 325 स्वीकृत तथा 8 अस्वीकृत किए गए।निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों से संबंधित आवेदन पत्रों की सूची प्रपत्र 3, 4 एवं 5 में तैयार कर प्रत्येक कार्य दिवस को कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की गई। सभी प्राप्त दावे-आपत्तियों का समयबद्ध निस्तारण कर 25 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया।अंतिम प्रकाशन के अनुसार जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 2.69 प्रतिशत वृद्धि के साथ 7,73,222 हो गई है। इनमें 3,97,767 पुरुष, 3,75,452 महिला तथा 3 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

# जिला स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक संपन्न

## शिक्षा व्यवस्था के सुधार हेतु जिला कलक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले की शिक्षा व्यवस्था और विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा के साथ-साथ 18 सूत्रीय एजेण्डा पर गहन चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिले में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयी बुनियादी ढांचे और 'समग्र शिक्षा' के तहत चल रही विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति जांची गई। जिला कलक्टर ने लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला कलक्टर ने बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने जिले के विद्यालयों की संख्या, पीएमश्री विद्यालय और महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की वर्तमान स्थिति एवं नामांकन वृद्धि की समीक्षा, निःशुल्क यूनिफॉर्म डीबीटी, आधार एवं जनाधार प्रमाणीकरण की प्रगति की जांच, साथ ही लाडो प्रोत्साहन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। एसईएएस एवं परख 2024, बोर्ड परीक्षा परिणाम और आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा, आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास और व्यावसायिक शिक्षा के संचालन में तेजी लाने के निर्देश दिए। केजीबीवी टाइप-3, मॉडल स्कूलों की समीक्षा और दिव्यांग शिक्षा के लिए उपलब्ध संसाधनों पर चर्चा, शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों की प्रगति और समसा कार्यालय हेतु स्थान के अभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श तथा शैक्षणिक संकेतकों में सुधार लाने और ड्रॉप-आउट दर को कम करने पर विशेष जोर दिया गया ताकि जिले का शिक्षा स्तर ऊपर उठ सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे धरातल पर जाकर योजनाओं की मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखंड अधिकारी बसेड़ी सुरेंद्र प्रसाद, सैंपऊ बंसीधर योगी, सदस्य सचिव एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल, एडीपीसी जितेंद्र जादौन, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सूक्खो देवी रावत, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक आरडी बंसल,



डीएलसी बीरी सिंह, समस्त सीबीईओ एवं शिक्षण संस्था प्रधान सहित शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सदस्य सचिव ने जिले में चल रहे विभिन्न नवाचारों और आगामी कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक का समापन जिले में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# घरेलू गैस की कालाबाज़ारी का गोदाम पकड़ा,गैस एजेंसी से मिलीभगत का अंदेशा

### दिलवाई पाड़ा में दुकाननुमा गोदाम से बरमाद हुए 47 सिलेंडर, अन्य स्थानों पर भी कार्यवाही

### मिष्ठान भंडार के साथ कुल चार स्थानों से 60 सिलेंडर जप्त,कार्यवाही से शहर में हड़कंप

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर के किला गेट दिलवाई पाड़ा मोहल्ले में एक दुकाननुमा गोदाम से जिला रसद विभाग की टीम ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए इंडेन गैस के 47 घरेलू सिलेंडरों को जप्त किया है। यह सिलेंडर कालाबाजारी के लिए रखे गए थे। जैसे ही टीम के मौके पर कार्रवाही को अंजाम दिया,आरोपी दुकानदार मौके से गायब हो गया। ऐसे में टीम ने सभी सिलेंडरों को जप्त कर लिया है और कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई की है। वही टीम द्वारा एक मिष्ठान भंडार के साथ दो अन्य दुकानदारों पर भी कार्यवाही की है। ऐसे में कुल 60 सिलेंडरों को जप्त किया है।

जिला रषद विभाग के परिवर्तन अधिकारी जगदीश शर्मा और गजेंद्र बाबू ने बताया कि जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश में पूरे जिले में घरेलू गैस के दुरुपयोग को रोकने और स्टॉक पर अंकुश लगाने को लेकर लगातार कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। ऐसे में सूचना मिली की बाड़ी शहर के किला गेट के



पास दिलवाई पाड़ा मोहल्ले में तीन जगह घरेलू गैस का स्टॉक कर कालाबाजारी की जा रही है।

सूचना के पुख्ता होने पर जितेंद्र गोठवाल एवं अन्य टीम के साथ मौके पर कार्रवाई की है। जहां दाऊदयाल पुत्र अशोक गर्ग के घर के बाहर बनी दुकान नुमा गोदाम से 47 इंडेन कंपनी के घरेलू सिलेंडर जप्त किए है। जिनमें 44 भरे हुए और तीन सिलेंडर खाली है। वहीं सुरेश और दिनेश अग्रवाल की दो अन्य दुकानों पर भी कार्रवाई करते हुए 09 सिलेंडरों को जप्त किया है साथ में घंटाघर के पास स्थित मिष्ठान भंडार से चार सिलेंडर जप्त किये है। आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत सभी के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। सभी सिलेंडरों को जप्त कर बसेड़ी रोड़ स्थित गैस एजेंसी के स्टॉक में रखवाया गया है। वहीं उक्त कालाबाजारी में स्थानीय गैस वितरक की क्या मिलीभगत है। इसको लेकर भी जांच की जा रही है। क्यों की इतनी अधिक संख्या में एक ही कम्पनी के सिलेंडरों का मिलना एजेंसी संचालक से बिना मिलीभगत संभव नहीं है।

रसद विभाग की टीम ने सभी मैरिज होम संचालकों, विवाह स्थलों को पाबंद किया है कि वह किसी भी प्रकार घरेलू गैस का दुरुपयोग नहीं करें। कमर्शियल सिलेंडर की उपयोग में लाया जाए। जहां भी घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग या स्टॉक पाया गया। कार्रवाई की जाएगी।

## गुजरात से हरिद्वार तक चलेगी समर स्पेशल रेल सेवा

### - साबरमती-हरिद्वार-साबरमती साप्ताहिक का संचालन शुरू
### - राजस्थान व गुजरात के यात्रियों को मिल सकेगी सुविधा

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** होली त्योहार में यात्रियों को सुविधा देने के लिए समर स्पेशल रेल सेवा शुरू की गई है। रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री भार को ध्यान में रखते हुए यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ोतरी की गई है। इसके तहत गुजरात से हरिद्वार तक स्पेशल रेल सेवा का संचालन रहेगा। रेलवे ने साबरमती-हरिद्वार-साबरमती साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा शुरू की है। स्पेशल सेवा के तहत आवक-जावक में पांच-पांच ट्रिप रहेंगे। स्पेशल रेल सेवा से गुजरात व राजस्थान के यात्रियों को तो सुविधा मिलेगी ही, दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश के विभिन्न शहरों से जुड़े लोग भी इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। इस रेल सेवा में दो सैकण्ड एसी, चार थर्ड एसी, 12 द्वितीय शयनयान, दो साधारण श्रेणी व दो गार्ड डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।

### इस तरह रहेगा टाइम टेबल

रेलवे जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि गाडी संख्या 09425 साबरमती-हरिद्वार साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा 23 फरवरी से 23 मार्च तक कुल पांच ट्रिप का संचालन किया जाएगा। साबरमती से रेल प्रत्येक सोमवार 18.45 बजे रवाना होकर मंगलवार को 20.30 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। वहीं, गाडी संख्या 09426 हरिद्वार-साबरमती साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 24 फरवरी से 24 मार्च तक कुल पांच ट्रिप हरिद्वार से संचालन किया जाएगा। प्रत्येक मंगलवार को 21.45 बजे रवाना होकर बुधवार को 22.30 बजे साबरमती पहुंचेगी।

### इन शहरों को मिलेगी सुविधा

अधिकारी बताते हैं कि यह रेल सेवा मार्ग में गुजरात के मेहसाणा, पालनपुर, राजस्थान के आबूरोड, पिंडवाड़ा, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड़ जंक्शन, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ कैंट, मुजफ्फरनगर व रूड़की स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## मानवाधिकार से जुड़े प्रकरणों पर त्वरिक कार्रवाई के निर्देश

### राज्य मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष ने ली बैठक

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** राज्य मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष जस्टिस जीआर मूलचंदानी ने बुधवार को सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक ली। इसमें मानवाधिकार से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मानवाधिकार से जुड़े प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करें तथा पीड़ितों को हर संभव सहायता दी जाएं। कहा कि सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ितों का यथोचित उपचार, मार्गदर्शन, सहायता अनुदान के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाएं। साथ ही जिला हेल्प डेस्क के गठन के निर्देश दिए। सिलिकोसिस रोग के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता पैदा करने एवं समय पर चिकित्सकीय जांच के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। नशा मुक्ति जन जागरूकता, रैन बसेरों के सुचारू संचालन, खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए आकस्मिक निरीक्षण, सुचारू चिकित्सा व्यवस्था आदि पर भी निर्देशित किया। बैठक में जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान, एडीएम राजेश गोयल, सीईओ प्रकाशचंद अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराडी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## नगर का ऐतिहासिक बारह भाई मेला, सर्वसम्मति से राजेंद्र गर्ग बने अध्यक्ष

### पुरखों की धरोहर को संजोये रखना जरूरी, आमजन से अध्यक्ष की अपील, करे सहयोग

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के ऐतिहासिक बारह भाई मेला कमेटी की बैठक मंगलवार की शाम पुराना बाजार स्थित मेला कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से मेला कमेटी से जुड़े और वर्षो से मेले के कोष जिम्मेदारी संभाल रहे राजनेद्र गर्ग को मेला कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। नगर के सैकड़ो वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक मेले की हर वर्ष होली की दोज से शुरुआत होती है।

बारहभाई मेले को लेकर आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष दिनेश गर्ग ने की इस दौरान भगवान श्रीराम की तस्वीर पर दीपक प्रज्वलित कर बैठक की शुरुवात की गई। पूर्व मेले के हर्जे-खर्चे का ब्यौरा देने के बाद आगामी मेले को लेकर मेला अध्यक्ष बनाए जाने पर चर्चा हुई जिसमे सर्वसम्मिति से पूर्व कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग को मेला अध्यक्ष बनाया गया। मेलाध्यक्ष बनाये जाने पर राजेंद्र गर्ग ने कहा कि मेला कमेटी के पदाधिकारीयो और बाड़ी शहर के नागरिकों ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसका वह पूर्ण मनोयोग और तन मन और धन से निर्वहन करेंगे। इस बार मेले का आयोजन अच्छे से अच्छा हो, इसका वे प्रयास करेंगे साथ में नगर के लोगों का सहयोग बना रहे और लोग बढ़-चढ़कर इस मेले में अपना योगदान दें । बैठक के दौरान अंजनी


## कंवरपूरा में जन संघर्ष जत्था का दौरा, 24 मार्च दिल्ली आमसभा में भागीदारी का आह्वान

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ गांव कंवरपूरा (गजसिंहपुर) में आज जन संघर्ष जत्था के तहत किसान नेताओं ने दौरा कर ग्रामीण किसानों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर सीकर सांसद कॉमरेड अमराराम, अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव बीजू कृष्णन, राज्य सचिव किशन पारीक, कॉमरेड भागीरथ नेतड़, कॉमरेड गुरचरण सिंह मोड़, माकपा तहसील सचिव हंसराज गोदारा, कॉमरेड अनिल कुमार तथा किसान सभा तहसील अध्यक्ष आशीष कुमार मौजूद रहे।

नेताओं ने किसानों को संगठित होकर अपने अधिकारों



की लड़ाई को मजबूत करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसानों, मजदूरों और मेहनतकश वर्ग की आवाज को बुलंद करने के लिए एकजुटता और संघर्ष ही सबसे बड़ी ताकत है।

इस दौरान 24 मार्च को दिल्ली में आयोजित सीपीआई (एम) की आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। किसान नेताओं ने अपनी प्रमुख मांगों में ट्रेड डील वापस लेने, मनरेगा में किए गए संशोधनों को रद्द कर 125 दिन का पूरा रोजगार उपलब्ध कराने, बीज व बिजली विधेयक वापस लेने तथा श्रम कानूनों में किए गए संशोधनों को निरस्त करने की मांग प्रमुख रूप से रखी। ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं नेताओं के समक्ष रखीं और आंदोलन को मजबूती देने का भरोसा दिलाया।

## पूंछरी के लोठा में वही बृज रस की सरिता, कवियों ने राधा-कृष्ण की होरी से बांधा समां

### मुकुट मुखारविंद मंदिर में अभिषेक-श्रृंगार के बाद किया गया रंगा रंग कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले के पूँछरी का लौठा परिक्रमा मार्ग में गिर्राज जी की तलहटी में स्थित मुकुट मुखारविंद मंदिर पर राजस्थान जनसंपर्क सांस्कृतिक परिषद भरतपुर और गिराज धरण सेवक मंडल के संयुक्त तत्वाधान वेद प्रकाश वेद की अध्यक्षता में हुरंगा महोत्सव एवं बृज भाषा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। डॉ. मोहकम सिंह मुख्यातिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ कवि हरीशचंद्र हरि द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण बृज वंदना से हुआ, जिसने वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। इससे पूर्व मंदिर महंत मोती पुजारी के सानिध्य में उपस्थित कवियों एवं साहित्यकारों ने मुकुट मुखारविंद पर गिर्राज जी



का विधिवत अभिषेक, श्रृंगार एवं भोग अर्पित किया। कवि सम्मेलन में ब्रज की सांस्कृतिक विरासत और राधा-कृष्ण की दिव्य होरी के रंग प्रमुख रूप से झलके। कवि हरीशचंद्र हरि (ब्रजनगर), अभिषेक अमर, चंद्रभान शर्मा 'चंचल' वीरेंद्र पाठक हाथरस, संजय एडवोकेट आगरा, रामेन्द्र ब्रजवासी, हरिओम हरि एवं सी.एस. कृष्णा भरतपुर सहित अन्य रचनाकारों ने बृजगीत, रसिया और होरी की रसपूर्ण प्रस्तुतियां देकर ब्रजवासियों व परिक्रमार्थियों का मन मोह लिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयघोष के बीच फूलों व गुलाल की होली खेली गई। पूरा परिसर बृज के रंगों और भक्ति भाव से ओतप्रोत दिखाई दिया। इस अवसर पर कई साहित्यकारों और कवियों की पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। समारोह के दौरान वरिष्ठ कवि हरीशचंद्र हरि को बृज भाषा और संस्कृति के संरक्षण में उनके योगदान के लिए ललिता सखी सम्मान से नवाजा गया।

# घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग व अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध विशेष अभियान में 111 सिलेंडर जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के आदेशानुसार घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग, अवैध रिफिलिंग, अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी जैसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना एवं एलपीजी आपूर्ति प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जयपुर जिले में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

विभागीय निर्देशों की अनुपालना में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम श्री प्रियव्रत सिंह चारण द्वारा जयपुर शहर में कार्रवाई हेतु तीन जांच दलों का गठन किया गया। गठित सतर्कता दलों द्वारा अलग-अलग समय पर विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण एवं दबिश की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान कुल 111 घरेलू एवं व्यवसायिक गैस सिलेंडर, एक पिकअप वाहन, एक रिफिलिंग मोटर मय रबर पाइप व नोजल, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 28 रेगुलेटर, एक मोबाइल एवं एक डायरी जब्त की गई। संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

सतर्कता दल 'ए' ने सेक्टर-28, प्रताप नगर स्थित कृष्णा अपार्टमेंट के पीछे झुग्गी-झोपडियों के पास दबिश दी, जहां अवैध क्रय-विक्रय एवं भंडारण की पुष्टि होने पर 67 घरेलू एवं



व्यवसायिक गैस सिलेंडर, एक पिकअप वाहन, एक मोबाइल एवं एक डायरी जब्त की गई। इसके अतिरिक्त झोटवाड़ा क्षेत्र में विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों—होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकान एवं फैक्ट्रीपर की गई कार्रवाई में 4 प्रतिष्ठानों से 11 घरेलू गैस सिलेंडर एवं 4 रेगुलेटर मय रबर पाइप जब्त किए गए।

सतर्कता दल 'बी' द्वारा आमेर कुंडा, सांगानेर एवं मालवीय नगर क्षेत्र में दबिश दी गई, जहां 8 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से 19 घरेलू गैस सिलेंडर एवं 18 रेगुलेटर मय रबर पाइप जब्त किए गए।

सतर्कता दल 'सी' ने महसो का मोहल्ला, आमेर में अवैध गैस रिफिलिंग करते हुए 4 घरेलू सिलेंडर, एक इलेक्ट्रिक मोटर, एक रिफिलिंग पाइप, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा मय नोजल तथा अन्य उपकरण जब्त किए। इस प्रकरण में संलिप्त एक व्यक्ति के विरुद्ध संबंधित पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई। साथ ही चांदपोल क्षेत्र में 6 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए 10 घरेलू गैस सिलेंडर एवं 6 रेगुलेटर मय रबर पाइप जब्त किए गए।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अभियान अवधि में इस प्रकार की सघन जांच एवं प्रवर्तन कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी तथा घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## खाटू धाम मेले में सेवा कार्य के लिये स्काउट दल रवाना

**28 फरवरी तक लक्खी मेले में संभालेंगे व्यवस्थायें**

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के अमरपुरा नई कोठी रोड़ स्थित सजना पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल से 06 सदस्यीय स्काउट सेवा दल श्री खाटू श्याम मेले के लिये रवाना हुआ। खाटू धाम में श्री श्याम बाबा के लक्खी मेले में स्काउट दल विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं में सहयोग करते हुये सेवा कार्य करेंगे। स्थानीय संघ रोवर स्काउट लीडर मुकेश चंद सैनी ने जानकारी देते हुये बताया कि यह दल मेले में निम्नलिखित सेवायें प्रदान करेगा:खोया-पाया विभाग में सहायता।प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा।जल एवं भोजन व्यवस्था में सहयोग। ट्रैफिक एवं सफाई व्यवस्था का प्रबंधन।इस मौके पर बाला रावत, संदीप कुमार जांगिड़, स्काउट संघ एडीसी हंसराज यादव एवं सचिव रामवीर यादव ने स्काउट दल को शुभकामनायें देकर मेले में श्रेष्ठ सेवायें देने के लिये प्रेरित करते हुये रवाना किया। विद्यालय प्रधानाचार्य सजना कुमावत ने स्काउट दल को मेले के दौरान पूर्ण सावधानी बरतते हुये सेवा कार्य करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर सीबीईओ पूरण चंद कसाना, सहायक सचिव कमलेश कुम्हार, दुर्गाप्रसाद कुमावत, अतुल कुमार आर्य, हंसराज रावत, धर्मवीर कुमावत,मुकेश कुमार सैनी, पूरणमल, अजय कुमार शर्मा, निशा सैनी, दीपशिखा कुमावत, मोना सैनी एवं अंकिता सैनी आदि ने स्काउट दल के सदस्यों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शिलान्यास के एक माह बाद भी शुरू नहीं हुआ सड़क निर्माण

बढ़ता राजस्थान

**ग्रामीणों में आक्रोश एसएच-113 से अरनिया वाया महरौली मार्ग बदहाल, गहरे गड्ढों से श्रद्धालु व ग्रामीण परेशान**

**रींगस (नि.स.)।** महरौली गांव के एसएच-113 से महरौली मोड़ होते हुए अरनिया तक प्रस्तावित सडक़ निर्माण का शिलान्यास हुए एक माह बीत जाने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में भारी नाराजगी व्याप्त है। जर्जर सडक़ के कारण आमजन को आवागमन में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सडक़ का शिलान्यास 23 जनवरी 2026 को यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा समारोहपूर्वक किया गया था। शिलान्यास के बाद क्षेत्रवासियों को जल्द सडक़ निर्माण शुरू होने की उम्मीद जगी थी, लेकिन एक माह बाद भी मौके पर निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में रोष बढ़ गया है। ग्राम पंचायत महरौली के समाजसेवी शंकर सिंह फौजी ने बताया कि करीब 5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जबकि कई स्थानों पर सडक़ पूरी तरह उखड़ चुकी है। इससे वाहन चालकों, ग्रामीणों और राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। खराब सडक़ के कारण दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई है। उन्होंने बताया कि इन दिनों खाटूश्यामजी मंदिर में लग रहे लक्खी मेले के चलते इस मार्ग से दिल्ली, हरियाणा, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, बानसूर और गुरुग्राम सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पदयात्री और श्रद्धालु गुजर रहे हैं।

## कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.महला का किया अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विकास महला के जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने डॉ. महला का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। फूल-मालाओं और प्रतीक चिन्ह से किया स्वागत।

**RAJASTHAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE**

[illegible]

**NOTICE INVITING BIDS**

[illegible]

| Sr No. | Name of Article | Specification | Qty | Estimated Price (₹) | Price of Bidding Document (₹) | Amount of Bid Security (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | [illegible] | | | [illegible] | 500/- | [illegible] |

[illegible]

Director

## जिला एवं सैशन न्यायाधीश ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

**न्यायाधीश ने बंदियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा**



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला एवं सैशन न्यायाधीष रवि शर्मा के निर्देशन में जिला कारागृह कोटपूतली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डिम्पल जंडैल भी उपस्थित रही। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जेल में निरूद्ध बंदियों के मानवाधाकिरों की रक्षा, जेल परिसर में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेना और जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं की समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने विभिन्न बैरकों का दौरा किया और वहां स्वच्छता व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिये कि बदलते मौसम को देखते हुये बंदियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जायें। इस दौरान जेल के रसोई घर की जांच की गई। न्यायाधीश ने बंदियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा। जेल में उपलब्ध दवाईयों के स्टॉक की जानकारी ली गई। उन्होंने बीमार बंदियों से व्यक्तिगत रूप से बात कर उनके उपचार के बारे में फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष द्वारा जेल अधीक्षक एवं उपस्थित स्टॉफ के साथ बैठक की गई। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने एवं बंदियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये। न्यायाधीश द्वारा दो वर्ष से अधिक समय से कारावासरत कैदियों के प्रकरणों के संबंध में सूचना चाही गई एवं संबंधित न्यायालयों को इन प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मालाकाली पंचायत समिति खण्डेला (सीकर)

पत्रांक-46-48 दिनांक-25.2.26

**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2025-26**

इस कार्यालय द्वारा टिन शेड निर्माण कार्य को पूर्ण सम्पादित करने हेतु तीन/दो वर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटी के साथ उपर्युक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से ई टेण्डर प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

उक्त कार्य के NIB NO PIT2526A0 343 AND UBN NO-PIT2526WSOB00 346 है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत मालाकाली**
**प.स. खण्डेला (सीकर)**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत मालाकाली**
**प.स. खण्डेला (सीकर)**

## कार्यालय सदस्य सचिव, महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट, जयपुर

क्रमांक : म.चि.सां.गे/स्टोर/2025-26/1915 दिनांक : / /2026

**"खुली-निविदा प्रकाशन"**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महिला चिकित्सालय सांगानेरी गेट जयपुर की प्रजनन चिकित्सा और शल्य चिकित्सा विभाग के लिए काम आने वाली $CO_2$ Incubator for human embryo को क्रय करने हेतु इच्छुक निविदादाता, निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं/फर्मों से अपनी दरें निर्धारित परिपत्र के अनुसार निर्धारित दिनांक तक निविदाऐं प्रस्तुत कर सकते हैं।

**Bidding Schedule**

| S.N. | Description | $CO_2$ Incubator for human embryo |
|---|---|---|
| 1. | Estimated Cost | Rs. 9.5 Lacs (Rupees Nine Lac fifty thousand) |
| 2. | Tender Fees | Rs. 200.00 (Rupees Two Hundred only) |
| 3. | Earnest Money | Rs. 19000/- (Rupees Nineteen Thousand) |
| 4. | Publishing in Open-Tender Date & Time | 13-02-2026 from 12.15 PM |
| 6. | Document download & Sale Date & Time | 13-02-2026 from 12.15 PM |
| 7. | Document Download end/Sale Last Date & Time | 21-02-2026 till 5.00 PM |
| 8. | Bid Submission end Date & Time | 23-02-2026 till 12.30 PM |
| 09. | Bid Opening Date & Time | 23-02-2026 At 1.00 PM at Member Secretary Mahila Chikitsalaya, Jaipur |
| 10. | Bid Submission Mode | Off Line |
| 11. | Bidders should be prepared for Sample Demonstration | If Required |

नोट : निविदा संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
NIB No.-SMS2526A0361
UBN No.-SMS2526GSOB00653

**(Dr. Asha Verma)**
**Member Secretary**
**Mahila Chikitsalaya,**
**Sanganeri Gate Jaipur**

DIPR/C/3297/2026

## राजस्थान सरकार

निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, ई0एस0आई0 योजना
लक्ष्मी नगर, अजमेर रोड जयपुर-6 दूरभाष नं. 0141-2223572
E-mail-dmhsesi@yahoo.co.in./esis-rj@esic.gov.in
Website-http://www.health;.rajasthan.gov.in/esi

क्रमांक-प/ई-4/च.श्रे.क./नियुक्ति/प्रा.एजे./ईएसआई/26/15 दिनांक- 11.02.2026

**ई-निविदा सूचना**

निदेशालय कर्मचारी राज्य बीमा योजना, राजस्थान जयपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 (दिनांक 01.03.2026 से 28.02.2027 तक) के लिए कार्यालय व कार्यालय परिसर की नियमित रूप से साफ-सफाई व अन्य राजकीय कार्य सम्पादन करने हेतु अकुशल-कार्य इकाई से संबंधित कार्य आउटसोर्सिंग के माध्यम से जोब बेसिस पर पूर्णतः अस्थायी आधार पर लिये जाने की आवश्यकता है। उक्त कार्यों हेतु पंजीकृत/बोलीदाता/संवेदक से ऑनलाईन तकनीकी एवं वित्तीय पृथक-पृथक बोली आमंत्रित की जाती है। निविदादाता प्रति निविदा फॉर्म 500/- रूपये एवं प्रोसेसिंग फीस 500/- रूपये नियमानुसार ऑनलाईन या डिमाण्ड ड्राफ्ट जो के नाम भुगतान योग्य हो, जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें। शेष समस्त नियम/शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है।

| क्र. सं. | सेवा का विवरण | अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा शुल्क, अमानत राशि के दस्तावेज, RISL Fees भौतिक रूप से जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | निविदा प्रकाशन की दिनांक | निविदा की अंतिम तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अकुशल-कार्य इकाई (आउटसोर्सिंग के माध्यम से जोब बेसिस पर संविदा पर) | 15.00 लाख | बिड की 2 प्रतिशत 30000/- रूपये | 23.02.2026 सायं 06.00 बजे | 12.02.2026 | 23.02.2026 सायं 06.00 बजे तक | 24.02.2026 अपरान्ह 12.00 बजे |

1. बोली प्रपत्र व नियम शर्तें http://www.epoc.rajasthan.gov.in पोर्टल व https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. बोली प्रक्रिया या उसके किसी भाग को निरस्त कराने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।..

**(डॉ. दलबीर कौर)**
**निदेशक एवं पदेन उप सचिव**

**DIPR/C/3310/2026**

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड-द्वितीय, जयपुर

क्रमांक-4840 दिनांक- 20.02.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या : 59/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | संवेदक की श्रेणी | डिफेक्ट लाईब्लिटी अवधि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | VARIOUS REPAIR WORKS AT IIIRD AND IVTH TYPE QUARTER UNDER DN II JAIPUR (Sanitary Work) | "S-4" (SANITARY) | अनुबन्धानुसार | PWD2526 WSOB23848 |
| 2. | VARIOUS REPAIR WORKS AT IIIRD AND IVTH TYPE QUARTER UNDER DN II JAIPUR (Joinery Work) | "F-4" (SANITARY) | अनुबन्धानुसार | PWD2526 WSOB23849 |
| 3. | VARIOUS REPAIR WORKS AT IIIRD AND IVTH TYPE QUARTER UNDER DN II JAIPUR (Painting work) | "P-3" (SANITARY) | अनुबन्धानुसार | PWD2526 WSOB23850 |
| 4. | VARIOUS REPAIR WORKS AT IIIRD AND IIND TYPE QUARTER UNDER DN II JAIPUR CIVIL WORK | "D" (CIVIL) | अनुबन्धानुसार | PWD2526 WSOB23851 |
| 5. | VARIOUS REPAIR WORKS AT IST AND IIND TYPE QUARTER UNDER CITY DN II JAIPUR (Sanitary work) | "D" (SANITARY) | अनुबन्धानुसार | PWD2526 WSOB23852 |
| 6. | VARIOUS REPAIR WORKS AT IST AND IIND TYPE QUARTER UNDER CITY DN II JAIPUR (Sanitary work) | "S-3" (SANITARY) | अनुबन्धानुसार | PWD2526 WSOB23853 |
| 7. | VARIOUS REPAIR WORKS AT MINISTERS BUNGALOW UNDER CITY DN II JAIPUR (Painting work) | "P-2" (SANITARY) | अनुबन्धानुसार | PWD2526 WSOB23854 |
| 8. | VARIOUS REPAIR WORKS AT MINISTERS BUNGALOW UNDER CITY DN II JAIPUR | "D" (CIVIL) | अनुबन्धानुसार | PWD2526 WSOB23855 |
| 9. | VARIOUS REPAIR WORKS AT MINISTERS BUNGALOW UNDER CITY DN II JAIPUR (Joinery Work) | "F-3" (JOINERY) | अनुबन्धानुसार | PWD2526 WSOB23856 |
| 10. | VARIOUS REPAIR WORKS AT MINISTERS BUNGALOW UNDER CITY DN II JAIPUR (Sanitary work) | "S-4" (SANITARY) | अनुबन्धानुसार | PWD2526 WSOB23857 |
| 11. | Repair and maintenace work at BN 3 Bhagat Singh Marg, Jaipur (Sanitary Work) | "S-4" (SANITARY) | अनुबन्धानुसार | PWD2526 WSOB23858 |
| 12. | Repair and maintenace work at BN 3 Bhagat Singh Marg, Jaipur (False Ceiling & UPVC Windows) (Joinery work) | "F-4" (Joinery) | अनुबन्धानुसार | PWD2526 WSOB23859 |
| 13. | Repair and maintenace work at BN 3 Bhagat Singh Marg, Jaipur (Wall Panelling & Flush Doors) (Joinery work) | "F-3" (Joinery) | अनुबन्धानुसार | PWD2526 WSOB23860 |
| 14. | Repair and maintenace work at BN 3 Bhagat Singh Marg, Jaipur (Civil Work) | "D" (CIVIL) | अनुबन्धानुसार | PWD2526 WSOB23861 |
| 15. | Various Repair work at B.No. 5 Hospital Road Under Jurisdiction PWD Sub Dn.-Heera Bagh, Jaipur. (Alloted to AG Rajasthan High Court) (Wardrobe work) (Joinery work) | "F-3" (Joinery) | अनुबन्धानुसार | PWD2526 WSOB23862 |

हेतु सम्मुख अंकित दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरीयड) सहित सा.नि.वि. में उपयुक्त श्रेणी (नियमानुसार) में पंजीकृत संवेदक एवं संवेदक जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवम् दूर संचार, रेल्वे या अन्य राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों जो कि राजस्थान सरकार के "एए" अथवा "ए" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित परिपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेबसाइट www.dipronline.org, www.eproc.rajasthan.gov.in, http://www.pwd.rajasthan.gov.in एव http:/sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा0नि0वि0 नगर खण्ड-2**
**जयपुर**

**DIPR/C/4182/2026**

# सम्पादकीय

## न्यायपालिका में भ्रष्टाचार,ठोस उपाय जरूरी

इस पर बहस होना तय है कि आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को यह पढ़ाना कितना सही है कि भ्रष्टाचार, लंबित मुकदमों की बड़ी संख्या और न्यायाधीशों की पर्याप्त कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में शामिल हैं। चूंकि सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद यानी एनसीईआरटी की सामाजिक विज्ञान की नई पुस्तक में 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' शीर्षक वाले संशोधित अध्याय को लेकर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह एक सोची-समझी चाल प्रतीत होती है, इसलिए संभव है कि इस पुस्तक से उक्त अध्याय हटा दिया जाए। जो भी हो, यदि ऐसा होता है तो इससे न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का प्रश्न ओझल होने वाला नहीं है। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के अनेक मामले सामने आ चुके हैं और उन पर व्यापक चर्चा भी होती रहती है। हाल में सबसे अधिक चर्चा हुई दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे यशवंत वर्मा के भ्रष्टाचार की। उनके आवास



से करोड़ों के अधजले नोट बरामद किए गए थे। चूंकि उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हो सकी है, इसलिए वे अपने पद पर बने हुए हैं। भ्रष्टाचार के कारण अन्य अनेक न्यायाधीश भी कठघरे में खड़े हो चुके हैं। इनमें से कई न्यायाधीशों के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन किसी के भी विरुद्ध वह अंजाम तक नहीं पहुंच सकी। इसका यह मतलब नहीं हो सकता कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है ही नहीं।एनसीईआरटी की पहले की पुस्तक में भी न्यायपालिका के बारे में उल्लेख था, लेकिन वह न्यायालयों की संरचना और भूमिका तक सीमित था। कहना कठिन है कि एनसीईआरटी ने क्या सोचकर न्यायपालिका वाले पाठ को संशोधित किया और उसमें लंबित मुकदमों का विवरण आदि देते हुए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई के इस कथन का भी उल्लेख किया कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार की घटनाओं का जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है? हो सकता है कि उसकी ओर से इस पर कोई स्पष्टीकरण दिया जाए, लेकिन प्रश्न तो यह भी उठेगा कि क्या इस पुस्तक में कार्यपालिका और विधायिका में भी व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में भी इसी तरह विस्तार से बताया गया है? भ्रष्टाचार व्यवस्था के किसी एक अंग तक सीमित नहीं है। वह व्यवस्था के हर अंग में व्याप्त है और चिंता की बात यह है कि उस पर लगाम लगती नहीं दिख रही है। कहना कठिन है कि स्कूली बच्चों को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के बारे में जानकारी देने से किस हित की पूर्ति होने वाली है, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि न्यायिक तंत्र के साथ हर क्षेत्र में फैले भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के ठोस उपाय किए जाने चाहिए।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 26 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1994 - उत्तरी कोरिया अपने परमाणु संयंत्रों को अंतर्राष्ट्रीय निरीक्षण के लिए खोलने पर सहमत।
- 1995 - कॉपीराइट मुद्दे पर सं.रा. अमेरिका एवं चीन के मध्य समझौता।
- 1999 - पांच ग्रैमी अवार्ड जीतकर रैप गायिका लॉरिन हिल ने नया रिकार्ड बनाया।
- 2001 - क्रिकेट के महानतम खिलाड़ी सर डॉन ब्रैडमैन का निधन।
- 2002 - अफ़ग़ानिस्तान के अंतरिम प्रधानमंत्री हामिद करजई भारत की दो दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुँचे।
- 2004 - मकदुनिया के राष्ट्रपति बेरिस ट्रेज कोवस्की की विमान दुर्घटना में मृत्यु।
- 2006 - परमाणु परिशोधन पर ईरान और रूस में समझौता।
- 2007 - नेपाल सरकार द्वारा नरेश की सम्पत्ति का राष्ट्रीयकरण करने की घोषणा।
- 2008-
- रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव ने वर्ष 2008-09 का रेल बजट संसद में पेश किया। भारत परमाणु अस्त्र ले जाने में सक्षम बैलेस्टिक मिसाइल का समुद्र के भीतर सफल परीक्षण किया।
- नेपाल में संविधान सभा के होने वाले चुनाव में माओवादी नेता प्रचंड ने अपना पर्चा भरा।
- 2009- इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश हेमन्त लक्ष्मण गोखले का स्थानान्तरण मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश के रूप में हुआ।
- 26 फ़रवरी को जन्मे व्यक्ति
- 1994 - बजरंग पुनिया - प्रसिद्ध भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवान हैं।
- 1959 - संजय धोत्रे - भारतीय जनता पार्टी से संबद्ध राजनीतिज्ञ हैं।
- 1946 - मृणाल पाण्डे, पत्रकार एवं साहित्यकार
- 1925 - प्रकाश मेहरोत्रा - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ थे।
- 1908 - लीला मजूमदार, बांग्ला साहित्यकार
- 1903 - कैलाश नाथ वांचू - भारत के दसवें मुख्य न्यायाधीश थे।

## विशेष आलेख

# युवाओं से वसूली, नौकरी में कंजूसी—किसका विकास?



प्रो. आरके जैन

उम्मीदों के आसमान तले खड़ा भारत आज एक कड़वी हकीकत से जूझ रहा है युवा शक्ति होने के बावजूद युवा ही सबसे अधिक असुरक्षित और आक्रोशित है। आंखों में सपने, हाथों में डिग्रियां और मन में अटूट विश्वास लिए करोड़ों अभ्यर्थी सरकारी नौकरी को अपने भविष्य की अंतिम सीढ़ी मानते हैं। परंतु जब बेरोजग़ारी भयावह रूप ले चुकी हो, तब यह सपना संघर्ष में बदल जाता है। ऐसे निर्णायक समय में आम आदमी पार्टी के नेता, राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने भर्ती व्यवस्था की उस अनदेखी सच्चाई पर प्रहार किया है, जिस पर अब तक चुप्पी साधी गई थी। उनका सीधा प्रश्न है जब एक पद के लिए लाखों आवेदन लेकर भारी परीक्षा शुल्क वसूला जाता है, तो असफल अभ्यर्थियों की फीस वापस क्यों नहीं की जाती? यह मुद्दा अब केवल पैसों का नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी और संवेदनशील शासन का प्रश्न बन गया है। यह प्रश्न किसी एक दिन की उपज नहीं, बल्कि वर्षों से भीतर ही भीतर धधक रहे युवाओं के आक्रोश की गूंज है। राघव चड्ढा ने उसी दबे दर्द को शब्द दिए हैं। आज देश में स्थिति ऐसी हो गई है कि कई सरकारी भर्तियों में कुछ ही पदों के लिए दस लाख से अधिक आवेदन आना भी सामान्य बात बन चुकी है। हर आवेदन के साथ 500 से 1500 रुपये तक शुल्क लिया जाता है, और जब इन आंकड़ों को जोड़ा जाता है तो एक भर्ती से सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये प्राप्त होते हैं, जबकि चयनित अभ्यर्थियों की संख्या नगण्य रहती है। बाकी लाखों युवा असफलता का भार लेकर लौटते हैं। वे केवल परीक्षा नहीं हारते, बल्कि अपना समय, धन और आत्मविश्वास भी गंवा बैठते हैं। ऐसे में यह संदेह स्वाभाविक है कि कहीं यह व्यवस्था युवाओं की विवशता को राजस्व के स्रोत में तो नहीं बदल रही। परीक्षा शुल्क का उद्देश्य आयोजन की लागत प्रश्नपत्र निर्माण, केंद्र प्रबंधन, पर्यवेक्षक मानदेय और मूल्यांकनको पूरा करना होना चाहिए। परंतु वास्तविकता में एकत्रित राशि अक्सर इन खर्चों से कहीं अधिक होती है। कई बार परीक्षाएं रद्द होती हैं, पेपर लीक होते हैं या परिणामों में अनावश्यक देरी होती है, फिर भी अभ्यर्थियों को कोई राहत नहीं मिलती। मध्यम और निम्न वर्ग के छात्र परिवार की सीमित आय से यह शुल्क चुकाते हैं, जबकि कोचिंग, पुस्तकें, आवास और यात्रा का अतिरिक्त बोझ अलग होता है। जब अंततः परिणाम निराशा देता है, तो यह केवल एक व्यक्ति की हार नहीं, बल्कि पूरे परिवार की आर्थिक पीड़ा बन जाती है। जब रोजगार के अवसर सीमित हों, तब संवेदनशील शासन की पहचान उसकी नीतियों से होती है। राघव चड्ढा का स्पष्ट मत है कि यदि सरकार पर्याप्त नौकरियां उपलब्ध नहीं करा पा रही, तो कम से कम परीक्षा शुल्क को न्यूनतम रखा जाए या असफल अभ्यर्थियों को आंशिक रिफंड दिया जाए। उनका तर्क है कि प्रतियोगी परीक्षा सफलता की गारंटी नहीं देती, इसलिए शुल्क को रोजगार का प्रवेश-पत्र मानकर वसूलना न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता। यह विचार सीधे युवाओं की भावनाओं को अभिव्यक्ति देता है। आज लाखों अभ्यर्थी वर्षों तक तैयारी करते हैं, कई बार आयु सीमा भी पार कर जाते हैं और अंततः निराश होकर निजी या अस्थायी कार्य की ओर मुड़ते हैं। उनके लिए परीक्षा शुल्क महज रकम नहीं, बल्कि भविष्य में किया गया निवेश होता है। निस्संदेह, रिफंड व्यवस्था लागू करना सरल नहीं होगा। प्रशासनिक जटिलताएं, तकनीकी प्रबंधन और बजटीय प्रभाव जैसी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। फिर भी समाधान संभव हैं। शुल्क को प्रतीकात्मक बनाया जा सकता है, एक पंजीकरण से कई परीक्षाओं में भागीदारी की सुविधा दी जा सकती है, या परीक्षा रद्द होने पर स्वतः रिफंड अनिवार्य किया जा सकता है। डिजिटल भुगतान और सत्यापन प्रणालियों के इस दौर में पारदर्शिता सुनिश्चित करना असंभव नहीं है। आवश्यकता केवल स्पष्ट नीति और ठोस इच्छाशक्ति की है, ताकि व्यवस्था अधिक न्यायपूर्ण बन सके। यह प्रश्न केवल धनराशि का नहीं, बल्कि युवाओं के मनोबल और सामाजिक संतुलन का भी है। वर्षों की तैयारी, परिवार की उम्मीदें और समाज की अपेक्षाएं मिलकर अभ्यर्थियों पर गहरा मानसिक दबाव बनाती हैं। असफलता के बाद अनेक युवा निराशा और अवसाद से जूझते हैं, कुछ चरम कदम भी उठा लेते हैं। जब व्यवस्था उन्हें केवल आंकड़ों में बदल देती है, तो स्वाभाविक रूप से भीतर असंतोष जन्म लेता है। ऐसे समय में यदि सरकार संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाए और शुल्क नीति में सुधार करे, तो यह भरोसा पुनर्स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इससे युवाओं को महसूस होगा कि उनकी मेहनत और संघर्ष को समझा जा रहा है।

राघव चड्ढा द्वारा उठाया गया यह प्रश्न दलगत राजनीति से आगे बढक़र सामाजिक चेतावनी का रूप ले चुका है। यह व्यवस्था को संकेत देता है कि केवल घोषणाएं पर्याप्त नहीं, बल्कि ठोस और व्यावहारिक सुधार आवश्यक हैं। भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, समयबद्धता और पर्याप्त पद सृजन अनिवार्य हैं। यदि सरकार युवाओं से शुल्क लेती है, तो उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और प्रभावी हो। अन्यथा यही शुल्क अनजाने में अप्रत्यक्ष कर जैसा प्रतीत होने लगता है, जिसका भार उसी संघर्षरत वर्ग पर पड़ता है जो पहले से ही सीमित संसाधनों में भविष्य गढऩे का प्रयास कर रहा है।

आज आवश्यकता है कि नीति-निर्माता इस उठती आवाज को केवल सुनें ही नहीं, उस पर ठोस निर्णय भी लें। बेरोजग़ारी के इस दौर में युवाओं पर आर्थिक बोझ डालना अत्यंत संवेदनशील विषय है। यदि नौकरियां सीमित हैं, तो कम से कम अवसर की लागत अवश्य घटाई जानी चाहिए। परीक्षा शुल्क में सुधार, आंशिक रिफंड या नाममात्र शुल्क जैसी पहलें न केवल आर्थिक राहत देंगी, बल्कि व्यवस्था पर विश्वास भी मजबूत करेंगी। अंततः किसी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके युवा होते हैं। यदि उनके सपनों पर अनावश्यक आर्थिक दबाव डाला जाएगा, तो विकास की गति प्रभावित होगी। इसलिए आवश्यक है कि भर्ती प्रणाली अधिक न्यायपूर्ण, पारदर्शी और मानवीय बने—ताकि हर युवा महसूस कर सके कि व्यवस्था उसके साथ है, उसके खिलाफ नहीं।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

# स्वाभिमानी राष्ट्र देश के नागरिकों का श्रेष्ठ रक्षक

*आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है।*




संजीव ठाकुर

'पराधीन सपने हूं सुख नाही'यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बनाने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है।

आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि 'एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं',पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी। हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है।महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी 'दैव दैव आलसी' पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्म निर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी। दूसरों पर निर्भरता हमें दूसरों का अनुसरण करने के लिए मजबूर करती है।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

## लघु कथा | बढ़ता राजस्थान





रूपक शर्मा
संपादकीय प्रभारी अलवर

### अभी तुम अबोध हो......

वो बचपन ही तो था जब ये पता ना था कि मदद किसकी करनी है। आज तो बड़े हो गए मदद करनी किसकी है ये भी पता चल गया। अमीर का दर्द बांटते लोगों के हुजूम देखें हैं मैंने और गरीब को बदहाली में खुद ही अपने दर्द पर मरहम मलते भी देखा है मैंने। वो बचपन ही तो था जब ये ख्याल ही न था कि मदद किसकी करनी है। हम तो कपड़े गंदे हो जाऐंगे ये फीक्र से परे पिल्लों को भी नाली में से उठा देते थे उस समय जब 10 रूपये वाला सर्फ एक्सऐल का पाऊच भी नहीं था। अब तो मदद भी स्ट्ेटस देखकर करता हूं मैं, बड़े होनें का ये भी तो एक फायदा है कि एनर्जी लगानी कहां है,दिखावा करना कहां है। कार्यक्रमों में नेताजी के आगे उनकी हां में हां मिलानी है क्योंकि अब समझ आ गया है कि किसकी हां में हां मिलानी है। क्योंकि आजकल समय भी ऐसा ही हो गया है। अमीर की मदद के लिए बढ़ते हाथों की संख्या और गरीब की मदद के लिए बढ़ते हाथों की संख्या क्या नजर नहीं आती तुम्हे.. यदि नहीं आती तो तुम अभी बड़े नहीं हुए अभी तुम अबोध हो मेरे मित्र..

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# लिवर डैमेज होने पर शरीर में दिखाई देते हैं ये लक्षण, तुरंत डॉक्टर से करवाएं टेस्ट

**पेट में सूजन या भारीपन**

लिवर खराब होने पर पेट में सूजन, दर्द या भारीपन महसूस हो सकता है। आमतौर पर, यह दर्द पेट के ऊपरी दाएं हिस्से में महसूस हो सकता है। अगर आपको भी इस तरह के लक्षण महसूस हो रहे हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलकर जांच करवाएं। पैरों और टखनों में सूजन- लिवर डैमेज होने की स्थिति में पैर और टखनों में सूजन की समस्या हो सकती है। दरअसल, लिवर खराब होने पर पैरों में तरल पदार्थ जमा हो जाता है, जिससे पैरों व टखनों में सूजन आ जाती है। साथ ही, उस हिस्से में दर्द भी हो सकता है। इसे मेडिकल भाषा में एडिमा कहते हैं। अगर आपको भी ऐसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। अत्यधिक थकान और कमजोरी -अत्यधिक थकान और कमजोरी महसूस होना भी लिवर डैमेज का संकेत हो सकता है। दरअसल, लिवर में खराबी होने पर शरीर ऊर्जा उत्पादन के लिए आवश्यक पोषक तत्वों को सही से अवशोषित नहीं कर पाता, जिससे कमजोरी और थकान महसूस हो सकती है। अगर आपको हर समय थकान और कमजोरी महसूस होती है, तो डॉक्टर से मिलकर चेकअप जरूर करवाएं।

**जी मिचलाना और उल्टी -**

अगर आपको बार-बार उल्टी और मतली जैसे लक्षण महसूस होते हैं, तो यह लिवर डैमेज का संकेत हो सकता है। दरअसल, लिवर में खराबी के कारण पाचन तंत्र प्रभावित हो सकता है, जिससे उल्टी और जी मिचलाने जैसा महसूस हो सकता है। अगर आपको लंबे समय से इस तरह के लक्षण महसूस हो रहे हैं, तो आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।




### मेष

आज का दिन आपको खास तौर पर सोच-समझकर कदम बढ़ाने की सलाह दे रहा है, खासकर व्यापार से जुड़े मामलों में। कोई भी फैसला लेने से पहले हर पहलू को ध्यान से देखना जरूरी रहेगा।

### वृष

आर्थिक दृष्टि से दिन संतोषजनक रहेगा और आपकी मेहनत का फल आपको साफ-साफ दिखाई देगा। घर में धार्मिक या आध्यात्मिक माहौल बनाने की इच्छा जाग सकती है।

### मिथुन

आज मन थोड़ा उलझन और तनाव महसूस कर सकता है, खासकर यदि कोई कानूनी या औपचारिक मामला चल रहा है। हालांकि उच्च अधिकारियों का सहयोग और विश्वास आपको राहत देगा।

### कर्क

आज आप दूसरों की मदद और सामाजिक कार्यों के माध्यम से सम्मान और पहचान पा सकते हैं। लंबे समय से चल रही रुकावटें धीरे-धीरे खत्म होती नजर आएंगी और तरक्की का रास्ता साफ होगा।

### सिंह

आज का दिन उत्साह और सकारात्मकता से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नए बदलाव करने का विचार आपके मन में आएगा और ये बदलाव आगे चलकर लाभदायक साबित हो सकते हैं।

### कन्या

आज का दिन परिश्रम और समर्पण का है, और आपकी मेहनत आपको अच्छे परिणाम देगी। जरूरतों और सुविधाओं पर खर्च बढ़ सकता है, लेकिन यह खर्च आपको संतोष देगा।

### तुला

आज समृद्धि और प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। धन और संसाधनों में बढ़ोतरी आपको मानसिक संतोष देगी। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात भविष्य के नए अवसर खोल सकती है।

### वृश्चिक

आज हर काम में धैर्य और विवेक की जरूरत होगी, क्योंकि जल्दबाजी नुकसान पहुंचा सकती है। आपका प्रभाव और प्रतिष्ठा बढ़ेगी, जिससे आत्मविश्वास भी मजबूत होगा।

### धनु

आज का दिन समझदारी और संतुलन के साथ आगे बढऩे का संकेत दे रहा है। यदि व्यापार में आपका पैसा कहीं अटका हुआ था, तो उसके वापस मिलने की संभावना है, जिससे राहत मिलेगी।

### मकर

आज धैर्य और संतुलन ही आपकी सबसे बड़ी ताकत रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग आपको भावनात्मक मजबूती देगा और रिश्ते में अपनापन महसूस होगा। वाहन चलाते समय सावधानी बरतना जरूरी रहेगा।

### कुंभ

आज का दिन लाभ के अवसर लेकर आएगा, लेकिन जल्दबाजी से बचना जरूरी होगा। नौकरी या रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है और मन में नई उम्मीद जागेगी।

### मीन

आज कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन आपकी आस्था और सकारात्मक सोच आपको संभाल लेगी। धर्म-कर्म या आध्यात्मिक गतिविधियों में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी।

# दागी कंडक्टर जाएंगे बाहर, बीमार और दिव्यांगों को मिलेगी प्राथमिकता

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने स्थानांतरण नीति में संशोधन करते हुए प्रशासनिक अनुशासन को सख्त और मानवीय पक्ष को मजबूत किया है। निगम संचालक मंडल के निर्णयों की अनुपालना में नए दिशा-निर्देश और बिन्दु जोड़े गए है। जिनके तहत दागी कंडक्टरों को बाहर भेजा जाएगा, वहीं बीमार और दिव्यांगों को स्थानांतरण में प्राथमिकता दी जाएगी। इस संबंध में निगम, जयपुर के प्रबंध निदेशक पुरूषोत्तम शर्मा ने आदेश जारी किए हैं। नई व्यवस्था के तहत किसी भी कार्मिक का एक स्थान से स्थानांतरण होने के बाद




दो वर्ष से पहले उसी स्थान पर पुनः पदस्थापन नहीं किया जाएगा। इससे एक ही स्थान पर तैनाती की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा।

### पेंशन के निकट कार्मिकों को राहत

रोडवेज के ऐसे कर्मचारी जिनकी सेनानिवृत्ति में 12 माह या उससे कम समय शेष रहने पर परिचालक की प्रार्थना पर गृह जिले या निकटवर्ती आगार में पदस्थापन संभव होगा। बाद में अनियमितता सामने आने पर पुन: अन्य जोन में स्थानांतरण किया जाएगा। निगम प्रबंधन के अनुसार, संशोधित नीति से प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ेगी, अनुशासन सुदृढ़ होगा और वास्तविक जरूरतमंद कार्मिकों को समय पर राहत मिल सकेगी।

### दिव्यांगजनों को मिलेगी प्राथमिकता

दिव्यांगजन कार्मिकों को प्रतिशत के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी। दिव्यांग महिला को सवोच्च प्राथमिकता, उसके बाद पुरूषदिव्यांग कार्मिक को स्थान मिलेगा। यदि परिवार में कोई अन्य सदस्य भी दिव्यांग है तो उसे भी वरीयता में शामिल किया जाएगा। स्थायी मानसिक, बहु- नि: शक्तता, अंधापन और मूक-बधिर श्रेणिया भी इसमें सम्मिलित है। विधवा, एकल महिला परित्यकता तथा अवयस्क संतानों की देखभाल कर रहे विधुर पुरूष को भी प्राथमिकता मिलेगी। तीन या अधिक बिना टिकट यात्रा प्रकरण, ड्यूटी के दौरान शराब, मादक पदार्थ सेवन, एवजी व्यवस्था में अनियमितता पाए जाने पर, निलंबन के बाद बहाली होने पर संबंधित परिचालक को अन्य जोन में स्थानांतरित किया जाएगा। तीन साल तक उसी जोन में वापसी नहीं होगी। वहीं पांच वर्ष तक संबंधित आगार गृह जिले में पदस्थापन नहीं मिलेगा। नई नीति के अनुसार रोडवेज के दागी कार्मिक को जोन से बाहर भेजा जाएगा। वहीं रिमार्क लगने वालों को विभागीय जांच में स्पपेंड होने के बाद दूसरे जोन में भेजा जाएगा। जो तीन साल तक अपने जोन से बाहर ही रहेगा।

# सवाई माधोपुर में लेपर्ड का मूवमेंट, दहशत का माहौल



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** पुराने शहर में लेपर्ड के लगातार मूवमेंट से दहशत फैली हुई है। रणथंभौर नेशनल पार्क से सटे शहर के रामलीला मैदान, डूंगरपाड़ा, 72 सीढ़ी स्कूल एवं राजबाग क्षेत्र में आए दिन लेपर्ड रात में चहलकदमी कर रहा है। लेपर्ड सोमवार और मंगलवार रात भी इस इलाके में नजर आया। रामलीला मैदान इलाके के एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में लेपर्ड का मूवमेंट कैद हुआ। लोगों ने वन विभाग से लेपर्ड को पकडऩे के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि मंगलवार रात शहर में लेपर्ड के मूवमेंट की सूचना मिली। वन विभाग की टीम मौके पर भेजी। पेपर्ड को पकडऩे के लिए वन विभाग वहां पिंजरा लगाएगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक लेपर्ड 72 सीढ़ी स्कूल के पास नजर आया है। उसके बाद रामलीला मैदान में भी लेपर्ड दिखा. रामलीला मैदान में लेपर्ड ने बछड़े पर हमला किया। लोगों ने सूचना वन विभाग को दी। लोगों का कहना है कि मंगलवार रात को शहर में तेलन पंसेरी बालाजी के पीछे लेपर्ड की तेज आवाज सुनाई दी। इससे लोगों में डर है।

# सामूहिक दुष्कर्म के दोषियों को 20 साल के कारावास की सजा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला एवं सत्र न्यायालय ने गैंगरेप के तीन दोषियों को 20 वर्ष का कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि मामला 14 अक्टूबर 2021 का है। जब पीडि़ता अपने घर के पीछे शौच के लिए गई थी। तभी मोहम्मद मजहर, मुजाहिद और अल्ताफ उसे जबरन उठाकर ले गए। मजहर और मुजाहिद ने बारी-बारी से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। जबकि अल्ताफ ने विरोध करने पर मारपीट की। तीनों ने धमकी दी कि यदि घटना किसी को बताई तो परिवार को जान से मार देंगे।

**मेडिकल परीक्षण में दुष्कर्म की हुई पुष्टि :** पीडि़ता किसी तरह घर पहुंची और पिता को घटना की जानकारी दी। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज कराई। अनुसंधान के दौरान पीडि़ता और आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराया। विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई।

**कोर्ट में पेश हुए 21 गवाह :** अभियोजन पक्ष ने अदालत में 21 गवाह और 38 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए, जबकि बचाव पक्ष ने एक गवाह और 11 दस्तावेज पेश किए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र दीक्षित ने सुनवाई के बाद तीनों अभियुक्तों को दोषी करार दिया।

# जलदाय विभाग के कार्मिकों पर हमला, जान से मारने की धमकी




बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** जिले में जलदाय विभाग में राजस्व वसूली के दौरान कर्मचारियों पर हमला कर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। सहायक अभियंता मोहित खीची ने थाना सदर टोंक में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके अधीनस्थ कर्मचारियों पर जल राजस्व वसूली के दौरान मुकेश माली और उसके परिवार ने हमला करने की कोशिश की, गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी।विभागीय आदेश के तहत दिनांक 18 फरवरी 2026 को कर्मचारी बालूराम माली, रामनिवास प्रजापत और रामस्वरूप रेगर आज दोपहर 2.30 बजे रामभारती स्कूल, सोलंकपुरा रोड स्थित मुकेश माली (पिता बद्रीलाल माली, खाता संख्या रू1/718) के घर 70,000 रुपये बकाया वसूली करने पहुंचे थे। वहां मुकेश माली, उसके पिता नाथूलाल माली और परिवार वालों ने सरकारी काम में बाधा डाली, हाथापाई की, अपशब्द कहे और धमकी दी।सहायक अभियंता मोहित खीची ने बताया कि यह घटना गंभीर आपराधिक कृत्य है, जो शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करती है। उन्होंने थानाधिकारी से भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

# भांवता में यात्री प्रतीक्षालय व मंदिर पर शीतल पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाया

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** उपखंड के गांव भांवता में समाजसेवी स्वर्गीय प्रवीण चंद्र जैन (डोसी) कंपाउंडर की प्रथम



पुण्य तिथि पर उनके परिवारजनों ने बस स्टेंड पर यात्री प्रतीक्षालय तथा मंदिर के समीप वाटर कूलर लगा कर आमजन को समर्पित किया है। समर्पित कर्ता परिवार विमला देवी, सुनील कुमार पारस कुमार एडवोकेट ने आमजन के लिए यात्री प्रतीक्षालय व मंदिर के पास शीतल पेयजल हेतु वाटर कूलर लगवाया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की धर्मपत्नी राधा देवी चौधरी ने आमजन के समर्पित किया। राधा देवी चौधरी ने कहा कि यह है आमजन के लिए बहुत ही पुण्य का कार्य है, कार्यक्रम में पार्षद मुन्नी देवी जैन, पूर्व पार्षद मुकेश कुमार जैन, सेवा भारती समिति अध्यक्ष आशीष विजयवर्गीय, मोर मंडल भाजपा अध्यक्ष राजेश मीणा, पूर्व अभिभाषक अध्यक्ष गोपाल चौधरी, दिगंबर स्कूल निदेशक राजेंद्र कुमार जैन, पूर्व तहसीलदार मदनलाल जैन, महेन्द्र जैन, पूर्व पार्षद राजकुमार जैन, दिनेश जैन, हंसराज झंडा, हनुमान गुर्जर, नानू लाल गुर्जर, नाथू लाल धाकड़, घनश्याम धाकड़, बालू जाट, मेवाराम धाकड़, शिवलाल धाकड़ सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी का अजमेर दौरा बड़ी संख्या में भाजपाई लेंगे भाग

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अजमेर में आयोजित जनसभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी सवाई माधोपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक बुधवार को जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई । जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बैठक में 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी की सभा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुंचने को लेकर योजना तैयार की गई, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में जिले से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता बस एवं निजी साधनों से अजमेर कायड़ विश्राम स्थली सभास्थल पर पहुंचेंगे, उसके लिए जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने जिला महामंत्री जगदीश अग्रवाल को विधानसभा प्रभारी एवं लालचंद गौतम को सहप्रभारी नियुक्त किया । इसी क्रम में मोदी की सभा को लेकर प्रत्येक मंडल पर प्रभारी और सहप्रभारी तय किए गए । जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने मंडल अध्यक्षों की सहमति से बजरिया मंडल में ओमप्रकाश शर्मा को प्रभारी और केशव शर्मा को सहप्रभारी, शहर मंडल में



रामपाल बालोत को प्रभारी और बाबूलाल महावर को सहप्रभारी, कुंडेरा मंडल में मनीष शर्मा प्रभारी और भगवान सैनी को सहप्रभारी, ग्रामीण मंडल में हाबूलाल मीणा प्रभारी और प्रेमराज मीणा को सहप्रभारी, मलारना डूंगर मंडल में प्रभारी हनुमान मीणा और हुकुम सोनी को सहप्रभारी नियुक्त किया है । बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, पंचायतराज चुनाव की तैयारी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर भी चर्चा की । बैठक में कार्यक्रमों को गति प्रदान करने की भूमिका बनाते हुए आगामी 8 मार्च को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जिला कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया । इस दौरान बैठक में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा, बजरंग लाल जाट, सुरेश चंद जैन, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, जिला महामंत्री जगदीश अग्रवाल, बाबूलाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, लालचंद गौतम, मीरा सैनी, जिला मंत्री हरफूल मरमट, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मुकेश शर्मा, विधानसभा प्रवासी गौरव फौजदार, बजरिया मंडल अध्यक्ष रितेश भारद्वाज, शहर मंडल अध्यक्ष कपिल जैन, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अशोकराज मीणा, मलारना डूंगर मंडल अध्यक्ष श्रीचंद सैनी, सोशल मीडिया सहसंयोजक मेहनाज पटेल, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुरली गौतम, अनिल बंसल,बनवारी बंसल, सीताराम शुक्ला आदि भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# इंग्लैंड-पाकिस्तान क्रिकेट मैच पर सवा करोड़ रुपए का सट्टा पकड़ाः 3 गिरफ्तार; कैश, लैपटॉप और 12 मोबाइल जब्त

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** जिला स्पेशल टीम द्वारा ऑनलाइन सट्टा पकड़ा गया। मौके से 12 मोबाइल, लैपटॉप, नगदी जब्त की हैं। इंग्लैंड-पाकिस्तान क्रिकेट मैच पर सवा करोड़ रुपए से ज्यादा का ऑनलाइन सट्टा लगाते हुए टोंक डीएसटी ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई जिले के पुरानी टोंक थाना क्षेत्र में ष्ठस्ञ्ज की। तीनों आरोपियों के पास से लैपटॉप, 12 मोबाइल समेत 7 हजार रुपए से ज्यादा की राशि समेत अन्य सामान जब्त किए गए हैं। जिला स्पेशल टीम के प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि इन दिनों टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप के मैच खेले जा रहे है। मंगलवार रात को पाकिस्तान- इंग्लैंड का क्रिकेट मैच था। इसमें जिला स्पेशल टीम द्वारा पुरानी टोंक थाना क्षेत्र में बटवालान मौहल्ला में स्थित एक मकान में छापामार कार्रवाई कर इंग्लैंड-पाकिस्तान क्रिकेट मैच पर करोड़ों रुपए का ऑनलाइन सट्टा पकड़ा हैं। टीम ने तीन आरोपी इमरान (42) पुत्र मो. आबिद निवासी बटवालों का मौहल्ला थाना पुरानी टोंक, सलमान (30) पुत्र





सईद निवासी सेंट थामस स्कूल के पास रजवन थाना कोतवाली एवं हारून (34) पुत्र आरिफ मियां निवासी खिडक़ी दरवाजा देशवाली मौहल्ला थाना को गिरफ्तार किया गया है। मौके से छापामार कार्रवाई में 12 मोबाइल, एक लैपटॉप मय की-बोर्ड, 02 कैलकुलेटर, 7 हजार 740 रुपए, लैपटॉप जब्त किए है। टीम ने एक करोड़ 27 लाख 34 हजार 850 ऑनलाइन सट्टा का हिसाब किताब बरामद किया गया। तीन आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना पुरानी टोंक में मामला दर्ज किया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अजमेर दौरे को लेकर टोडारायसिंह उपखंड में तैयारियां तेज, कंट्रोल रूम किए स्थापित

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 28 फरवरी को प्रस्तावित अजमेर यात्रा की पूर्व तैयारियां के संघ संबंध में ग्राम पंचायत एवं नगरपालिका क्षेत्र हेतु नियुक्त किये गये बस प्रभारियों सहित कलस्टर प्रभारियों की बैठक का आयोजन सभागार पंचायत समिति टोडारायसिंह में किया गया।

उक्त बैठक में प्रत्येक बस प्रभारी से कार्यक्रम हेतु की गयी तैयारियों के संबंध में पूछा गया तथा कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी दी गयी कि किस प्रकार व्यवस्थाएं की जावेगी।

कार्यक्रम की मॉनिटरिंग हेतु कार्यालय तहसीलदार टोडारायसिंह में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है तथा बसों के नियंत्रण हेतु बस नाके दाबडदूम्बा तथा उनियारा खुर्द में गठित किये जाकर कार्मिकों की नियुक्ति की है। कार्यक्रम में सभी बस प्रभारियों को संबंधित दल से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये।

बस प्रभारियों के उपर बार पंचायत पर एक कलस्टर प्रभारी नियुक्त किया गया है जो ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है जो संबंधित क्षेत्र को कार्मिक से समन्वय स्थापित कर बसों की समय पर रवाना करवाने एवं कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षित पहुंचाने में सहायता एवं मॉनिटरिंग करेंगे।

उक्त कार्यक्रम को सफल आयोजन हेतु नियुक्त किये नये कार्मिकों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के निर्देश दिये तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने के निर्देश दिये।

# खेल महोत्सव: स्वस्थ शरीर और सुदृढ़ मन के निर्माण में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय सवाई माधोपुर द्वारा दशहरा मैदान में बुधवार को चार दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारम्भ किया गया। महोत्सव के पहले दिन विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिली।

इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी कजोड़मल ने खेलों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और सुदृढ़ मन के निर्माण में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नियमित खेल गतिविधियाँ न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाती हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल का भी विकास करती हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सैयद बलीग अहमद ने वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक परिवेश में खेलों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य बताते हुए विद्यार्थियों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित



किया। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय खेल महोत्सव के अंतर्गत क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, कैरम, शतरंज एवं रस्सा-कशी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। खेल महोत्सव का पहला क्रिकेट मुकाबला सेमेस्टर चतुर्थ एवं सेमेस्टर तृतीय के मध्य खेला गया, जिसमें रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिला। सेमेस्टर चतुर्थ के छात्र संतराम सैनी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को विजय दिलाई और 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ मोहम्मद साजिद खान, रामजी लाल, बाबूलाल बैरवा एवं आशीष महावर द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

# महिला अधिकारिता विभाग के आयुक्त राजोरिया ने किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर(मोहित जैन)।** महिला अधिकारिता विभाग के आयुक्त राकेश राजोरिया द्वारा बुधवार को अजमेर में विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं केन्द्रों की प्रगति समीक्षा की गई तथा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

महिला अधिकारिता विभाग की उप निदेशक मेघा रतन ने बताया कि महिला अधिकारिता विभाग के आयुक्त राकेश राजोरिया द्वारा हिंसा से पीडि़त एवं निराश्रित महिलाओं के लिये संचालित वन स्टॉप सेंटर सखी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि केन्द्र का संचालन सुचारू रूप से किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित परामर्शताओं से




केन्द्र की कार्यप्रणाली एवं पीडि़त एवं निराश्रित महिलाओं को कैसे राहत प्रदान की जाती है, के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केन्द्र पर उपलब्ध रिकॉर्ड - केस रजिस्टर, प्रकरण पत्रावलियां व अन्य संसाधनों का भी अवलोकन किया। आयुक्त द्वारा केन्द्र पर उपस्थित केन्द्र प्रबन्धक एवं परामर्शदाताओं को निर्देशित किया कि केन्द्र के उद्देशात्मक पहलुओं की पूर्ति हर स्थिति हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएं तभी केन्द्र के संचालन की सार्थकता परिलक्षित हो सकेंगी।

इसके उपरान्त आयुक्त द्वारा पुलिस थाना गंज परिसर में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि केन्द्र पर दोनों परामर्शदाता उपस्थित थे। उन्होंने केन्द्र को प्राप्त होने वाले प्रकरणों की प्रकृति एवं उनको निस्तारण करने के विषय में परामर्शदाताओं से जानकारी प्राप्त की। पुलिस थाना द्वारा उन्हें किस प्रकार का सहयोग प्रदान किया जाता है, के विषयक जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही उनके द्वारा केन्द्र पर संधारित होने वाले रिकॉर्ड का अवलोकन एवं निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों उपस्थित परामर्शदाताओं को निर्देशित किया कि वे पीडि़ता को हर संभव सहायता उपलब्ध करावें।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय में पर्यवेक्षक, कार्यालय कार्मिकगण, जिला हब एवं पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र के कार्मिकगण उपस्थित थे।

# टोंक में महिलाओं के मुक़ाबले 22 हज़ार पुरुष ज्यादा,पंचायतों में 8.21 लाख मतदाता

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** राज्य निर्वाचन आयोग ने टोंक जिले में पंचायतीराज चुनाव की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी है। इसमें 8 लाख 21 हजार 768 मतदाता मतदान करेंगे।

इसमें महिलाओं के मुकाबले पुरुष मतदाता 22 हजार ज्यादा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) रामरतन सौंकरिया ने बताया- मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण, संदर्भ तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर तैयार करवाई गई। विधानसभा की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 जनवरी 2025 को किया गया था। इसे डेटाबेस के आधार पर तैयार किया गया है।

# खाटूश्यामजी कल निकलेंगे नगर भ्रमण पर

## निशान यात्रा, कलशयात्रा भी निकलेंगी फागोत्सव का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** हारे का सहारा मित्र मंडल राजगढ़ के तत्वावधान में शुक्रवार को फाल्गुन एकादशी पर हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा, खाटूश्यामजी की नगर भ्रमण, निशान यात्रा, कलशयात्रा व फागोत्सव का आयोजन होगा। श्री जगन्नाथ मंदिर के महंत मदनमोहन शास्त्री व हारे का सहारा मित्र मंडल के मनीष गुप्ता, राकेश सैनी तथा मुकुल बड़ाया ने बताया कि कस्बे के कारोठ रोड़ पर स्थित भारतीय विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल से प्रातः 9.15 बजे विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद बाबा श्याम जी की द्वितीय नगर भ्रमण, निशान यात्रा व कलशयात्रा बैंड बाजा के साथ निकाली जाएगी। निशान यात्रा में सैकड़ों की संख्या में स्कूली विद्यार्थी बाबा श्याम का निशान लेकर तथा



महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भजनों पर नाचते गाते हुए चलेंगे। निशान यात्रा भारतीय विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, पटायरी की डूंगरी, मेला का चौराहा, तहसील परिसर, सराय बाजार, गोल सर्किल होते हुए श्री चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान निशान यात्रा व कलशयात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। मंदिर पहुंचने पर फागोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जाएगा। मंडल सदस्य दिनेश सैन व महेश पाबूवाल ने बताया कि इससे पूर्व श्री जगन्नाथ मंदिर में विराजमान श्री खाटूश्याम जी का कोलकाता के फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर को फूलों व आकर्षक रोशनी से सजाया गया है।

## अग्रशक्ति महिला मंडल का होली मिलन समारोह धूमधाम से सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मंगलवार को अग्रशक्ति महिला मंडल अलवर ने अलवर रॉयल होटल, नंगली चौराहा में होली मिलन समारोह परंपरागत तरीके से बहुत ही धूमधाम से मनाया । समारोह का संचालन बहुत ही सुचारू रूप से किया गया जिसमे तरह तरह के मनोरंजक गेम खिलाये गए, लजीज खाने के साथ सुंदर-सुंदर गिफ्ट बांटे गये। समारोह में अध्यक्ष सुधा मित्तल, सचिव स्मृता गोयल, अल्का मित्तल, रीता गुप्ता, भावना अग्रवाल, सीमा मित्तल, साधना गुप्ता के साथ शशि गोयल, रेनू अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल रेणु अग्रवाल, प्रतिभा सिंघल, रीना सिंघल, आशिमा गोयल, भावना अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, रीता गोयल एवं उमा गोयल सहित करीब 75 से अधिक महिला सदस्यों ने कार्यक्रम में हिस्सा लेकर विभिन्न नृत्य संगीत व मनोरंजक प्रस्तुतियों का आनन्द लिया ! कार्यक्रम को नयी अध्यक्ष सुधा मित्तल के नेतृत्व में संचालन किया गया एवं फूलों की होली , डांस , गाने के साथ समारोह का समापन किया गया।

## शहर में यातायात पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही से मचा हड़कंप



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर में यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही कर जहां लोगों को समझाइश की जा रही है वहीं मॉडिफाई साइलेंसर वाली एनफील्ड बाइक की धर पकड़ और जपती की कार्यवाही व चालान की कार्रवाई लगातार जारी है। यातायात पुलिस के इंचार्ज संजय शर्मा ने बताया कि अग्रसेन सर्किल रोड पर 09 मॉडिफाई साइलेंसर इंफील्ड मोटरसाइकिल सहित कुल 20 वाहन जप्त और 50 के चालान, जिनमें स्कूली छात्र भी शामिल थे। वहीं बेतरतीब ढंग से खड़ी 02 लोक परिवहन जप्त और 05 के चालान किये गए। यातायात इंचार्ज संजय शर्मा ने कहां की लोग ट्रैफिक नियमों की पालना करें ताकि जाम के हालात पैदा ना हो और मोटर व्हीकल एक्ट नियमों की पालना करें ताकि हम अपने सुगम और सरल यातायात के जरिए अपना सफर पूर्ण कर सकें।

## रोटरी क्लब ऑफ अलवर द्वारा महिलाओं के लिए मैमोग्राफी कैंप आयोजित किया गया

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर व अलवर रोटरी चैरिटेबल प्रन्यास संस्थान द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के तहत दिनांक 25 फरवरी को मैमोग्राफी कैंप रोटरी चैरिटेबल ब्लड बैंक, अंबेडकर नगर में आयोजित किया गया । अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने बताया कि यह कैंप विशेष रूप से महिलाओं के लिए है ,आज 26 फरवरी को भी कैंप लगा हुआ है , जिसमें 25 फरवरी को 20 महिलाओं की मैमोग्राफी की गई । मैमोग्राफी वैन रोटरी क्लब गुड़गांव द्वारा भेजी गई जिसमें रोटरी क्लब गुड़गांव से मोना सिंह व मैमोग्राफी के लिए रेडियोग्राफर पूजा व मोनिका उपस्थित थी । कोऑर्डिनेटर रोटेरियन सुनील गुप्ता व नरेश गोयल ने बताया की कैंप मैं रोटरी चैरिटेबल प्रन्यास संस्थान के अध्यक्ष के के खंडेलवाल, असिस्टेंट गवर्नर तथा रोटरी चैरिटेबल प्रन्यास संस्थान के सचिव राजेश सिंगल, रोटरी क्लब सचिव ऋषि मित्तल, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र खुराना, रोटेरियन जिनेंद्र जैन, रोटेरियन प्रवीण खंडेलवाल, रोटेरियन कंचन खुराना, रोटेरियन दीपकमल अरोड़ा, रोटेरियन मान्य अरोड़ा, रोटेरियन हर्ष गुप्ता, रोटेरियन अशोक गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने प्रदर्शन कर दिया 11 सूत्री मांग का ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** जोधपुर में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन



एनएसयूआई ने जोधपुर जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने 11 सूत्री मांग पत्र से अवगत करवाया । जिसमें ओएमआर शीट घोटाले ष्टक्चद्ब से जांच करने और रोस्टर रजिस्टर लागू कर आरक्षण पूरा देने की मांग के साथ ही कोचिंग बिल लागू करने ,बेरोजगारी भत्ता जारी करने की मांग की है। इसके साथ ही छात्रसंघ चुनाव बहाली करने ,स्द्ब भर्ती के इंटरव्यू खत्म करने और एक परीक्षा एक पेपर प्रणाली लागू करने सहित 11 सूत्री मांग पत्र जिला कलेक्टर को सोपा गया । इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के जोधपुर जिला अध्यक्ष बबलू सोलंकी ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों ही छात्र विरोधी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द से जल्द छात्र संघ चुनाव बहाल करें और साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार के द्वारा ्रद्ब समिट में एनएसयूआई के छात्रों को गिरफ्तार कर उन पर लगाई गई धाराओं को वापस लेने की मांग की है।

## स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** शिक्षा विभाग की ओर से उपखंड के समीपवर्ती स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुरा में चार दिवसीय गैर आवासीय स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम के प्रशिक्षण का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन के साथ एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। प्रशिक्षण में राजगढ़ ब्लॉक के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के हेल्थ एंड वैलनेस एम्बेसडर उपस्थित हुए। दक्ष प्रशिक्षक सूर्य प्रकाश शर्मा ने बताया कि सभी एम्बेसडर अपने-अपने विद्यालय में कक्षा 6 से 12 के प्रत्येक कक्षा से दो मैसेंजर बनाते हुए विद्यालयी विद्यार्थियों का शारीरिक मानसिक एवं संवेगात्मक पक्ष समझते हुए उनके सर्वांगीण विकास में योगदान देंगे। प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रोजेक्टर के माध्यम से स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस से संबंधित मॉड्यूलों को विस्तार पूर्वक प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत मॉड्यूल में स्वस्थ बढ़ाना, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, संवेगात्मक विकास से संबंधित जागरूकता आदि विषयों को विस्तार पूर्वक समझाया गया। प्रशिक्षण में सभी संभागीयों के लिए अल्पाहार एवं मध्यान्ह में भोजन की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर केआरपी सूर्य प्रकाश शर्मा, नवीन भारती, रामचरण मीणा सहित सभी संभागी उपस्थित रहे।

## पंचायती राज आम चुनाव 2026: जिले में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 7,73,222 हुई

- दावे-आपत्तियों के निस्तारण उपरांत अंतिम मतदाता सूची जारी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के तहत निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन 29 जनवरी 2026 को किया गया था। उस समय जिले में कुल 7,52,926 मतदाता दर्ज थे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 जनवरी से 7 फरवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की गईं तथा उनका नियमानुसार निस्तारण किया गया।उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अति. कलक्टर) राजसमंद नरेश बुनकर ने बताया कि प्ररूप-1 के अंतर्गत नाम सम्मिलित करने हेतु कुल 26,227 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 25,163 स्वीकृत तथा 1,068 अस्वीकृत किए गए। प्ररूप-2 के तहत नाम सम्मिलित किए जाने के आक्षेप संबंधी 4,890 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 4,867 स्वीकृत तथा 23 अस्वीकृत किए गए। इसी प्रकार प्ररूप-3 के अंतर्गत प्रविष्टियों में संशोधन हेतु 333 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 325 स्वीकृत तथा 8 अस्वीकृत किए गए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों से संबंधित आवेदन पत्रों की सूची प्रपत्र 3, 4 एवं 5 में तैयार कर प्रत्येक कार्य दिवस को कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की गई। सभी प्राप्त दावे-आपत्तियों का समयबद्ध निस्तारण कर 25 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया।

## महिला टीचर को बलात्कार की धमकी देने वाला शिक्षक निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर (नि.स.)।** बाड़मेर में सरकारी स्कूल के अध्यापक ने अपनी सहकर्मी महिला अध्यापिका को अश्लील मैसेज भेज दिए। इसके बाद घर से उठाकर दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर महिला अध्यापिकाओं ने जिला कलेक्टर को शिकायत की। इस पर शिक्षा विभाग ने अध्यापक को निलंबित कर उसका मुख्यालय सेड़वा कर विभागीय जाँच शुरू कर दी। शिकायत में सौंपे वॉट्सएप चौट के स्क्रीनशॉट जानकारी के अनुसार, 2 सरकारी स्कूल की चार महिला टीचरों ने बाड़मेर जिला कलेक्टर से मिलकर शिक्षक की शिकायत की। शिकायत में वॉट्सएप चौट के स्क्रीन शॉट्स भी लगाए। महिला टीचर का आरोप है कि मेल टीचर ने उन्हें अपने नंबर से अश्लील मैसेज भेजे और घर से उठाकर रेप कर जान से मारने की धमकी दी। ये मैसेज पर्सनल के साथ स्कूल के एक ग्रुप पर भेजे गए। एक दूसरे स्कूल की महिला प्रधानाध्यापक और स्कूल स्टाफ को भी अश्लील मैसेज भेज गाली- गलौज कर धमकियां दी गई। साथ ही महिला टीचरों के मोबाइल पर रात में कॉल करके धमकियां देकर मानसिक रूप प्रताडि़त किया जा रहा है। शिकायत पर टीचर को सस्पेंड किया एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट (एडीएम) राजेंद्र सिंह चांदावत ने बताया- तीन से चार महिला टीचर ने जिला प्रशासन को शिकायत की थी। इसमें स्क्रीनशॉट भी शामिल थे। हमने उनकी बात को सुना और शिक्षा विभाग को कार्रवाई के लिए लिखा था। जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) कृष्ण सिंह मंगलवार को टीचर को सस्पेंड कर उसका मुख्यालय सेड़वा बीईईओ ऑफिस किया है।

## वांगचुक की रिहाई की मांग हुई तेज, जेल के बाहर प्रदर्शन




बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** जोधपुर की सेंट्रल जेल में बंद सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुंग की रिहाई की मांग को लेकर विभिन्न संगठनों ने रैली निकालकर जेल के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान शामिल हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने वांगचुंग की रिहाई की मांग को लेकर नारेबाजी भी की। उनका कहना था कि सोनम वांगचुंग को सरकार के दबाव में जेल में रखा गया है, जिन्हें जल्द रिहा करना चाहिए।

समर्थकों का कहना था कि सोनम वांगचुक को पिछले साल 26 सितंबर को लद्दाख से गिरफ्तार किया था और उन्हे जोधपुर केन्द्रीय कारागार में रखा गया। आज यहां हिरासत के 153 दिन पूरे हो गए। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) का खुला दुरुपयोग करते हुए उन्हें अलोकतांत्रिक एवं गैर कानूनी रूप से नजऱबंद किया गया हैं जो बेहद शर्मनाक हैं। उनकी रिहाई की मांग को लेकर अलग-अलग संगठनों ने जेल के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस अलर्ट नजर आई और सेंट्रल जेल की तरफ जाने वाले रास्ते पर बैरिकेडिंग कर रोक दिया। हालांकि इस पूरी बैरिकेडिंग के चलते उन लोगों को परेशान होना पड़ा, जो जोधपुर के डिस्कॉम व सीएमएचओ कार्यालय में किसी काम से आए थे। इसमें नगर निगम से लेकर डिस्कॉम, सीएमएचओ ऑफिस के कार्मिक फंसे रहे। लोगों ने पुलिस की कार्य प्रणाली को लेकर भी सवाल उठाए। लोगों का कहना था कि प्रदर्शन जोधपुर की सेंट्रल जेल के बाहर होना था लेकिन पुलिस ने बाकी सरकारी ऑफिस के रास्ते को भी बंद कर दिया। इसके चलते कई अधिकारी और कर्मचारियों को सरकारी काम से बाहर जाने के लिए पुलिस के रास्ता खोलने का इंतजार करना पड़ा।

## राज्य व जिला उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों के कार्यकाल विस्तार मामले पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर और न्यायाधीश चंद्र शेखर शर्मा के समक्ष राज्य उपभोक्ता आयोग एवं जिला उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों के कार्यकाल विस्तार के मुद्दे पर सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से सकारात्मक कार्रवाई उच्च स्तर पर विचाराधीन होने और शीघ्र निर्णय लिए जाने की बात कही गई, जिस पर न्यायालय ने अगली सुनवाई 9 मार्च निर्धारित की है।

सुनवाई के दौरान राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ता अनिल भंडारी ने पक्ष रखते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा उपभोक्ता आयोग में भर्ती के लिए नए नियम बनाए जाने प्रस्तावित हैं। इन नियमों के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया पूरी होने में पर्याप्त समय लग सकता है। ऐसे में यदि वर्तमान अध्यक्ष एवं सदस्य सेवानिवृत्त हो जाते हैं तो न्यायिक कार्यवाही बाधित होने की आशंका है। वहीं राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश पंवार ने अवगत कराया कि गत 27 जनवरी को खंडपीठ द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में राज्य सरकार गहन विचार-विमर्श कर रही है। मामला सकारात्मक रूप से उच्च स्तर पर लंबित है और निर्णय के लिए कुछ और समय अपेक्षित है। राजस्थान हाइकोर्ट ने इस पर राज्य सरकार के जल्द ही निर्णय लिए जाने को देखते हुए आगामी सुनवाई 9 मार्च मुकर्रर की।

## दयानंद नगर में होली मिलन समारोह व फाग उत्सव का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आदर्श सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दयानंद नगर, अलवर में होली मिलन समारोह एवं फाग उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के साथ रंगों के इस पर्व को उत्साह और प्रेम के वातावरण में मनाया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि सुभाष चोपड़ा सानिया अस्पताल एवं समाजसेवी राजेश जोशी ने मां सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महेश मुद्गल,पुनीत कुमार, विष्णु शर्मा, नरेश चौधरी,वीरा लता रानी शर्मा



एवं निशा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौ सेवक गोरधन लाल खेमानी ने की। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं, जिनकी सभी अतिथियों ने सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के साथ होली मिलन कर उन्हें प्रोत्साहित किया। पूर्व पार्षद दिनेश खंडेलवाल द्वारा बच्चों को मिठाई वितरित की गई। संस्था की ओर से प्रिंसिपल पायल प्रधान एवं सुनील कुमार ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्कूल की प्रधानाचार्य पायल प्रधान ने बताया कि सोसाइटी की ओर से यह होली मिलन समारोह एवं फाग उत्सव प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिससे दिव्यांग बच्चों को सामाजिक सहभागिता का अवसर मिलता है और उनमें उत्साह का संचार होता है।

## ओरेकल टैलेंट हंट फेज-2 परीक्षा का परिणाम हुआ जारी

05 जरूरी

बढ़ता राजस्थान

राजगढ़ (अलवर)। ओरेकल एकेडमी एवं करियर इंस्टीट्यूट में टैलेंट हंट फेज-2 परीक्षा का परिणाम निदेशक मनोज कुमार सैनी ने बुधवार को जारी किया तथा सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

संस्था के निदेशक मनोज कुमार सैनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हजारों की संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस चरण में कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार व छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी तथा अन्य स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार एवं छात्रवृत्ति दी जाएगी।



संस्था के केंद्र प्रमुख हिमांशु जोशी ने बताया कि विद्यार्थी अपना परिणाम ओरेकल एकेडमी एवं करियर इंस्टीट्यूट के सूचना पट्ट पर देख सकते हैं तथा दूरभाष के माध्यम से भी विद्यार्थियों को सूचना दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी वर्तमान में बोर्ड परीक्षा दे रहे हैं, उनके लिए नए कक्षा 6 एवं 9 (पूर्व आधार पाठ्यक्रम), कक्षा 11 आधार पाठ्यक्रम (जेईई एवं नीट) तथा पूर्व अभ्यर्थी बैच (जेईई एवं नीट) 9 मार्च, सोमवार से प्रारंभ किए जा रहे हैं।

अधिक जानकारी के लिए ओरेकल एकेडमी एवं करियर इंस्टीट्यूट के परिसर में संपर्क कर सकते हैं अथवा संस्था के मोबाइल नंबर 9351088979, 8619757932 पर संपर्क कर सकते हैं।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मल्लाना में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के अधीन जिले के मल्लाना में स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा-7, 8, 9 में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है व कक्षा 11 में प्रवेश प्रक्रिया दसवीं में प्राप्तांकों के आधार पर परिणाम जारी होने के बाद शुरू होगी। विद्यालय प्राचार्य डॉ. जगदीश प्रसाद बैरवा ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एचएसएमएस पोर्टल पर 25 फरवरी 2026 से चालू है।

# पंचायत चुनाव के लिए फाइनल वोटर लिस्ट जारी: 4.02 करोड़ वोटर्स देंगे वोट; 41 जिला परिषद, 457 पंचायत समितियों में अगले महीने चुनाव संभव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव के लिए फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी। 4.02 करोड़ से ज्यादा वोटर्स चुनाव में मतदान करेंगे। 41 जिला परिषद और 457 पंचायत समितियों, 14 हजार 403 ग्राम पंचायतों में अगले महीने चुनाव संभव है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया- पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव के लिए अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची बुधवार को जारी हो गई है। इसके अनुसार प्रदेश की पंचायत चुनाव में अब 4 करोड़ 2 लाख 20 हजार 734 वोटर्स दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया- अंतिम प्रकाशन तक 5 लाख 73 हजार 568 वोटर्स बढ़े हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया- बांसवाड़ा जिले में सबसे ज्यादा 4.55 प्रतिशत और फलोदी जिले में 4.46 प्रतिशत वोटर्स बढ़े हैं। वहीं टोंक जिले में सबसे कम 0.04 प्रतिशत, श्रीगंगानगर जिले में 0.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही।




उन्होंने बताया- 29 जनवरी 2026 को प्रकाशित प्रारूप सूची में 3 करोड़ 96 लाख 47 हजार 166 वोटर्स थे। वहीं आपत्तियां और सुझाव आने के बाद उनका निपटारा करते हुए 13 लाख 66 हजार 435 वोटर्स जोड़े गए। वहीं 7 लाख 92 हजार 867 वोटर्स हटाए गए।

### जयपुर में 18 लाख से अधिक वोटर्स

जयपुर जिले की बात करें तो यहां 22 पंचायत समितियों में करीब 18.91 लाख वोटर्स हैं। इन 22 पंचायत समितियों में कुल 597 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें चुनाव होंगे। इन सभी ग्राम पंचायतों का कार्यकाल पूरा हो चुका है।

### अब भी 12 जिला परिषदों का कार्यकाल बाकी

वर्तमान में 12 जिला परिषदों और 130 पंचायत समितियों में अब भी कार्यकाल बाकी है। ये कार्यकाल सितंबर, अक्टूबर और दिसंबर-2026 तक पूरा होगा। 5 सितंबर तक 6 जिला परिषद, 78 पंचायत समितियों का कार्यकाल पूरा होगा। वहीं 29 अक्टूबर तक 2 जिला परिषद, 22 पंचायत समितियां का कार्यकाल खत्म होगा। इसके बाद 22 दिसंबर तक 4 जिला परिषद और 30 पंचायत समितियों का कार्यकाल पूरा हो जाएगा।

पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में ओबीसी वर्ग का कितना आरक्षण होगा। इसके निर्धारण के लिए सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आयोग बनाया है। इस आयोग की रिपोर्ट अब तक नहीं आई। ऐसे में चुनाव में ओबीसी वर्ग के आरक्षण को लेकर भी स्थिति क्लीयर नहीं है। अगर आयोग रिपोर्ट पेश नहीं करता है तो सरकार पुराने आरक्षण के आधार पर चुनाव करवा सकती है।

## बोर्ड परीक्षाओं को लेकर सख्ती: रात 10 बजे बाद डीजे पर पूर्ण रोक, थानाधिकारी ने डीजे व बैंड संचालकों की ली बैठक



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी(प्रमोद राठौर)।** थानाधिकारी संदीप शर्मा द्वारा डीजे एवं बैंड संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के सभी डीजे और बैंड संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थानाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में बच्चों की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं, ऐसे में विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसी को देखते हुए रात्रि 10 बजे के बाद बैंड एवं डीजे नहीं बजाने की सख्त समझाइश दी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों की अवहेलना करने पर संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी संचालकों से प्रशासन का सहयोग करने और ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों का पालन करने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित संचालकों ने प्रशासन के निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया।

## पंजाबी युवक युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर का हुआ विमोचन




बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** पंजाबी समाज के अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी ने जानकारी देकर बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोटा के पंजाब सभा भवन मैं 1 मार्च रविवार को शॉपिंग सेंटर में में 31वा पंजाबी युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसका आज रावतभाटा में पंजाबी समाज द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया इस पंजाबी युवक युवती परिचय सम्मेलन में पूरे देश भर से युवक युवती और उनके परिजन पहुंचते हैं। कोटा पंजाबी समाज के अध्यक्ष कमल अलक्खा और सह सचिव संजीव सबरवाल ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन के माध्यम से 30 वर्षों में अब तक हजारों युवक युवती के रिश्ते शादी के बंधन में बंध चुके हैं । पंजाबी समाज के युवक युवती को परिचय सम्मेलन के फार्म पंडित गुलशन शर्मा के घर पर मिलेंगे। इस मौके पर समाज के रामलाल मलिक बलदेव माटा पंडित गुलशन शर्मा सुरेश छाबड़ा विकास अरोड़ा तिलक अरोड़ा रितेश छाबड़ा किशोरी लाल वधवा सनी छाबड़ा हर्षू छाबड़ा चंद्र मलिक तरुण छाबड़ा राजेश अरोड़ा सुनीता मानिक गीता अरोड़ा शिल्पा गुलाटी रिंका मानिक नीलम छाबड़ा आदि लोग मौजूद थे अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी ने सभी समाज बंधुओ का आभार जताया।

## कृषि कार्य के दौरान जहरीले कीड़े के काटने से किसान की मौत



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के उन्हेल थाना क्षेत्र के गांव सेदरा में कृषि कार्य के दौरान जहरीले कीड़े के काटने से एक किसान की मौत हो गई।थाना अधिकारी रामकरण कटारिया ने बताया कि मृतक के चचेरे भाई रघु शर्मा की रिपोर्ट के अनुसार किसान खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन खेत पर पहुंचे, जहां वह मूर्छित अवस्था में पड़ा मिला।परिजन व ग्रामीण उसे तत्काल चौमहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाया और बाद में शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।इस दौरान श्याम सिंह खांखरी (सरपंच प्रतिनिधि), पुर सिंह ढाबला, विजय सिंह उन्हेल, नारायण सिंह (मेंबर सेदरा), राधेश्याम विश्वकर्मा, मान सिंह चायड़ा, दिलीप व्यास सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## दुरूपयोग: 5 प्रतिष्ठानों से 55 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर जिले में चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे घरेलु सिलेण्डर के व्यावसायिक दुरूपयोग की रोकथाम हेतु गठित की गई टीम द्वारा जिले के 5 प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करते हुए 55 गैस सिलेण्डर जब्त किये गये है। जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना ने बताया कि घरेलु गैस सिलेण्डरों के व्यवसायिक दुरूपयोग, अवैध भण्डारण तथा अवैध रिफिलिंग की रोकथाम के लिये जिला कलक्टर काना राम के निर्देशानुसार विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करते हुऐ 55 गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। उन्होने बताया कि गैस सिलेण्डर का अनाधिकृत भण्डारण तथा अवैध रूप से ऊचें दामों में विक्रय करने के कारण द्रवित पेट्रोलियम गैस आपूर्ति संबंधी स्पष्ट उल्लघन पाये जाने पर मौके पर सिलेण्डरों को जब्त करने की कार्यवाही की गई। उन्होने बताया कि गंगापुर सिटी में सौरभ जैन, गंगापुर सिटी के यहां से 41 गैस सिलेण्डर, मनोज कुमार शर्मा, बालाजी चोक, गंगापुर सिटी से 1 गैस सिलेण्डर, बनवारीलाल गर्ग, बजरिया सवाई माधोपुर से 8 सिलेण्डर, मैसर्स अर्जुन मिष्ठान भण्डार, सवाई माधोपुर शहर से 3 सिलेण्डर एवं टोकियो होटल रणथम्भौर रोड़, सवाई माधोपुर से 2 गैस सिलेण्डर जब्त किए गए।



## सामुदायिक भवन पर ग्राम पंचायत का नाम लिखने से विवाद, मेघवाल समाज का प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी(प्रमोद राठौर)।** क्षेत्र के ग्राम बुरन खेड़ी में स्थित सामुदायिक भवन पर 'नवसृजित ग्राम पंचायत बुरन खेड़ी' लिखे जाने के बाद मेघवाल समाज में रोष व्याप्त हो गया। बुधवार सुबह करीब 11 बजे बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपखण्ड कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि संबंधित सामुदायिक भवन का उपयोग ग्राम पंचायत द्वारा न किया जाए तथा इसे अनुसूचित जाति समाज के लिए सुरक्षित रखा जाए। समाज के लोगों का कहना है कि यह भवन करीब 15 वर्ष पूर्व विधायक निधि से उनकी पुश्तैनी कॉलोनी की जमीन पर सामाजिक कार्यक्रमों, बैठकों और सामुदायिक गतिविधियों के लिए बनाया गया था। तब से इसका उपयोग मेघवाल समाज के लोग करते आ रहे हैं।




ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बुरन खेड़ी के नवसृजित ग्राम पंचायत बनने के बाद इस भवन को पंचायत संचालन में लेने की प्रक्रिया शुरू की गई, जिससे समाज में असंतोष फैल गया। उनका कहना है कि गलत जानकारी देकर भवन को ग्राम पंचायत के नाम से दर्शाया गया है। साथ ही यह भी बताया कि ग्राम पंचायत गोयन्दा के समीप दो सरकारी भवन वर्षों से खाली पड़े हैं, लेकिन उनके उपयोग पर ध्यान नहीं दिया गया। प्रदर्शन के दौरान कजोड़लाल, कृष्ण गोपाल, राजेन्द्र, जगदीश, देवेन्द्र सिंह, जुगराज, हंसराज, बगदीराम, रतनलाल, दुर्गलाल, रामपाल, सांवरलाल, कारुलाल, प्रकाश, रामलाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं ग्राम विकास अधिकारी विकास गोस्वामी ने बताया कि यदि सामुदायिक भवन में पंचायत संचालित होती है तो उसका लाभ पूरे ग्राम को मिलेगा। फिर भी यदि समाज को आपत्ति है तो वैकल्पिक स्थान पर पंचायत संचालन पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए पंचायत भवन के तैयार होने तक आपसी तालमेल से व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## रामगंजमंडी में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग पर कार्रवाई, 20 सिलेंडर जब्त



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी(प्रमोद राठौर)।** रामगंजमंडी में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, दुरुपयोग और व्यावसायिक उपयोग की जांच के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रवर्तन दल ने कार्रवाई करते हुए कुल 20 सिलेंडर जब्त किए। पुलिस जाब्ते के साथ की गई इस कार्रवाई में सब्जी मंडी के पीछे स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार के गोदाम से 8 सिलेंडर, राठौड़ समोसा सेंटर से 2, कृष्णा कचौड़ी से 2, साँवलिया कचौड़ी सेंटर से 3, बाजार नंबर 3 स्थित गणेश नमकीन से 2 तथा खेराबाद रोड स्थित हरियाली ढाणी फैमिली रेस्टोरेंट से 3 सिलेंडर जब्त किए गए। जांच में घरेलू गैस का व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग पाया गया। मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 6र के तहत प्रकरण बनाकर न्यायालय जिला कलेक्टर, कोटा को प्रस्तुत किया जाएगा। यह कार्रवाई प्रवर्तन अधिकारी अदिति जगरवाल, प्रवर्तन निरीक्षक तारा प्रेमचंदानी एवं विशाल मीणा द्वारा पुलिस प्रशासन के सहयोग से की गई। प्रशासन ने अभियान के दौरान बताया कि इस तरह की जांच आगे भी जारी रहेंगी ।

## आयुर्वेद अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर कल से, कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा करेंगे उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** कृषि एवं उद्यानिकी, ग्रामीण विकास तथा आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा 27 फरवरी को ग्राम पंचायत चौथ का बरवाड़ा में जिला स्तरीय 10 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करेंगे। यह शिविर 8 मार्च तक मीणा धर्मशाला में आयोजित होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक जितेन्द्र गोठवाल विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उप निदेशक डॉ. भीमसिंह मीना ने बताया कि शिविर में अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा क्षार सूत्र पद्धति से बिना चीर-फाड़ के समस्त गुदा रोगों का स्थाई उपचार किया जाएगा। शिविर में गुदा मार्ग से रक्त निकलने, सूजन, दर्द अथवा जलन होना, गुदा मार्ग के पास नासूर, फोड़ा, मवाद बहने, लम्बे समय से कब्ज, बार-बार शौच जाने आदि समस्याओं से पीडि़त मरीजों का पूरी तरह से निःशुल्क उपचार किया जाएगा। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत राज्य सरकार के आयुर्वेद विभाग द्वारा संचालित शिविर में मरीजों को भर्ती कर विशेषज्ञों द्वारा क्षार सूत्र पद्धति से नाड़ी व्रण रोगों का इलाज, स्त्री रोग जैसे श्वेत प्रदर, रक्त प्रदर, कटि शूल, कष्टार्तव, रक्ताल्पता, दौर्बल्य आदि का भी निःशुल्क उपचार किया जाएगा।

## एनीमिया मुक्त भारत अभियान: बूंदी जिला राजस्थान में प्रथम स्थान पर, कलेक्टर ने दी बधाई

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत बूंदी जिले ने प्रदेश स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में जारी नवीनतम ्ररूक्च स्कोरकार्ड अक्टूबर 2025 - दिसंबर 2025 में बूंदी जिला पूरे राजस्थान में प्रथम स्थान पर रहा है। जिला प्रशासन और चिकित्सा विभाग के समन्वित प्रयासों के चलते जिले ने यह गौरवपूर्ण मुकाम हासिल किया है। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा के कुशल मार्गदर्शन में तीन प्रमुख विभागों— चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों और निर्धारित मानकों की शत-प्रतिशत



पालना से यह सफलता प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. सामर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमलेश शर्मा, जिला सांख्यिकी अधिकारी सत्यवान शर्मा सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### कलेक्टर के कड़े निर्देश: गुणवत्ता और रिपोर्टिंग पर जोर

जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी, साथ ही भविष्य के लिए कड़े दिशा-निर्देश भी जारी किए आंगनबाड़ी केंद्रों, चिकित्सा केंद्रों और विद्यालयों में आयरन-फोलिक एसिड की उपलब्धता सुनिश्चित हो। प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस पर निर्धारित आयु वर्ग को आयरन पूरक दवा का अनिवार्य वितरण किया जाए। डिजिटल रिपोर्टिंग: शाला दर्पण, पीसीटीएस और एचआईएमएस पोर्टल पर समयबद्ध और नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए। प्रथम पायदान पर बने रहने के लिए आशा सहयोगिनियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, नर्सिंग स्टाफ और चिकित्सा अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करनी होगी। हमारा लक्ष्य जिले को स्थायी रूप से एनीमिया मुक्त बनाना है।

### सफलता की कहानियों से बढ़ेगी जागरूकता

सीएमएचओ डॉ. ओ.पी. सामर ने बताया कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग एनीमिया मुक्त बूंदी के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

अब विभाग एनीमिक बच्चों और गर्भवती महिलाओं की सफलता की कहानियाँ संकलित करेगा ताकि जन-जागरूकता को और बढ़ावा दिया जा सके।

स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास विभाग के अनुदान मांग पर विधानसभा में हुई चर्चा

# भाजपा सरकार ने शहरी विकास को दी नई दिशा- कृपलानी

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** 16वीं विधानसभा में स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास विभाग की अनुदान संख्या 39 एवं 40 पर बोलते हुए पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि भाजपा की भजनलाल शर्मा सरकार का स्पष्ट लक्ष्य 'सशक्त नगर, सशक्त नागरिक' है। उन्होंने कहा कि राजस्थान तीव्र गति से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है और ऐसे समय में नगरीय विकास केवल भवन निर्माण या सडक़ों तक सीमित विषय नहीं, बल्कि जीवन स्तर, रोजगार, स्वच्छता, पर्यावरण और समग्र विकास से जुड़ा हुआ है।

कृपलानी ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार का बजट 'दस्तावेज़ बिना रणनीति' का उदाहरण था,




जहां योजनाएं घोषणाओं तक सीमित रहीं। उन्होंने दो टूक कहा जो शहरों को नक्शों से निकालकर जमीन पर उतार दे, वही असली सरकार है। भाजपा ने सपनों को साकार किया है, कांग्रेस केवल वादों की दीवार रही। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के बजट में नगरीय विकास के लिए 12,050 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जैविक जल प्रबंधन, सेप्टिक टैंक प्रबंधन एवं कचरा निस्तारण शामिल हैं। नगर निकायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, उनकी स्वायत्तता बढ़ाने और आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया है। बीकानेर एवं भरतपुर में विकास प्राधिकरणों का गठन तथा बालोतरा व दौसा-बांदीकुई में नगर विकास न्यास की स्थापना को उन्होंने दूरदर्शी कदम बताया। कृपलानी ने कहा कि भाजपा सरकार ने शहरी गरीबों के आवास पर प्राथमिकता देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत हजारों परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए हैं। आवासन मंडल द्वारा 4,141 आवासों का निर्माण प्रारंभ, 4,124 पूर्ण तथा 4,159 आवंटन किए गए हैं। 13 नई आवासीय योजनाओं में 4,095 आवासों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि नगरीय विकास विभाग की विभिन्न संस्थाओं द्वारा 3,306 करोड़ रुपये व्यय कर 3,004 विकास कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 5,113 करोड़ रुपये लागत के 2,307 कार्य प्रगतिरत हैं। नई टाउनशिप नीति-2024 लागू कर योजनाबद्ध शहरीकरण सुनिश्चित किया गया है। भूमि आवंटन की नवीन नीति-2025 तथा डीपीसीआर लागू कर भू-उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और अजमेर सहित विभिन्न शहरों में फ्लाईओवर, आरओबी, सीवरेज, अस्पताल, सडक़ों के सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण के कार्य प्रगति पर हैं। मानसरोवर से अजमेर रोड चौराहा तक मेट्रो विस्तार सहित कुल 16.81 किमी का कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। फेज-2 में 42.8 किमी लंबी मेट्रो लाइन और 36 स्टेशनों का प्रस्ताव है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत 143 नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्रों हेतु 315 करोड़ रुपये के कार्यादेश जारी किए गए हैं। 176 लैगेसी वेस्ट साइट्स में से 81.02 लाख घनमीटर कचरे का निस्तारण किया जा चुका है। 48 निकायों में 1,570 सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय सीट्स के कार्यादेश जारी किए गए हैं। 2025-26 में 422 पिंक शौचालयों के निर्माण की प्रक्रिया जारी है।

### निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख मांगें रखी

विधानसभा में चर्चा के दौरान विधायक श्रीचंद कृपलानी ने अपने विधानसभा क्षेत्र निम्बाहेड़ा से जुड़ी आवश्यकताओं को प्रमुखता से उठाया।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका छोटीसादड़ी में सीवरेज योजना की स्वीकृति अत्यंत आवश्यक है, जिससे क्षेत्रवासियों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित जल निकासी की सुविधा मिल सके।

इसी क्रम में उन्होंने नगर परिषद निम्बाहेड़ा के लिए नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की मांग रखी, ताकि प्रशासनिक कार्य अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित हो सकें।

# भरतपुर सहकारी भूमि विकास बैंक की 38वीं साधारण सभा संपन्न




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर सहकारी भूमि विकास बैंक लि. की 38वीं साधारण सभा की बैठक बैंक अध्यक्ष हेमराज सिंह चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रधान कार्यालय, सुपर मार्केट में आयोजित की गई। अध्यक्ष चौधरी ने बैंक की वित्तीय स्थिति एवं उपलब्धियों के बारे में बताया कि बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 22.96 लाख रुपये तथा वर्ष 2024-25 में 3.16 लाख रुपये का लाभ अर्जित किया है, जो बैंक की सुदृढ़ कार्यप्रणाली और बेहतर प्रबंधन का परिणाम है। बैंक सचिव शचीन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि सभा में बैंक की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सभा में बैंक के कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया तथा बैंक को और अधिक सुदृढ़ एवं किसान हितैषी बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में स्पेशल ऑडिटर रामनिवास मीणा, केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक नरेश शुक्ला, अतिरिक्त अधिशाषी अधिकारी सी.सी.बी. अंजली सिनसिनवार, कृषि विभाग अधिकारी चरन सिंह, सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समिति डीग राम अवतार सिंह, भूमि मूल्यांकन अधिकारी मुकेश सिंह, उपाध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह सहित संचालक मंडल के सदस्य एवं बैंक के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज में रेड रिबन क्लब के द्वारा कार्यशाला का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज की रेड रिबन क्लब की शाखा के द्वारा एचआईवी विषय पर एक जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आलोक शर्मा रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल ऑफिसर अशोक सिंह ने की। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रुप में डॉ. आलोक शर्मा ने एचआईवी के कारण, लक्षण, बचाव एवं जागरुकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि सही जानकारी और सावधानियों के माध्यम से इस बीमारी से बचाव संभव है तथा समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना आवश्यक है। इस कार्यशाला में राजेश्वरी, रेनूबाला, सुमित उपाध्याय, अर्जुन सिंह ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का मंच संचालन अशोक सर द्वारा किया गया। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब के नोडल ऑफिसर अशोक सिंह, डॉ. नीता माथुर, डॉ.पूनम दीक्षित, डॉ. राजकमल दिवाकर, विनोद अवस्थी, देवदत्त उपाध्याय, राममोहन शर्मा, महेन्द्र सिंह मीणा, राजीव सिंह आदि गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सचिव डी सी सैनी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रही।

# जिला स्तरीय बच्चों के मुद्दों पर कन्वर्जेंस बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** अनाज मंडी रोड स्थित होटल ईगल नेस्ट में जिला स्तरीय बाल संरक्षण इकाई द्वारा कन्वर्जेंस मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य जिले में संचालित बाल संरक्षण तंत्र को सुदृढ़ करना तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। इस अवसर पर लगभग 20 विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशों तथा मिशन वात्सल्य के अंतर्गत प्रयत्न संस्था एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहयोग से आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर बाल संरक्षण तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने तथा समन्वित कार्य प्रणाली विकसित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

# शतायू पुरुष पूर्व सांसद पंडित रामकिशन और इन्दल सिंह का हुआ सम्मान

## मैं कर्म से जिन्दा हूं - रामकिशन

### पानी और रोजगार के लिये करेंगे संघर्ष - इन्दल सिंह



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भुसावर तहसील के ग्राम भैसीना में बुधवार को आयोजित सम्मान समारोह में भरतपुर के पूर्व सांसद पंडित रामकिशन का उनके जीवन के सौ वर्ष पूरे होने पर दूर दराज से आये बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिको द्वारा अभिनंदन किया गया और उनको सोल दुपट्टा और फूल मालाऐं पहनाकर सम्मान किया गया । इस अवसर पर पानी आन्दोलन के संयोजक किसान नेता इन्दल सिंह जाट का भी सम्मान किया गया । बड़ी संख्या में लोगों ने पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन को लम्बी आयु के लिय शुभकामनाऐं दी ।

सम्मान समारोह में किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि भरतपुर जिले में सबसे बड़ा संकट पानी और रोजगार का है श् यहाँ से लोग पलायन कर रहे है और बढ़ती बेरोजगारी के कारण अपराधों में भी वृद्धी हो रही है । उन्होंने कहा कि यहाँ आवादी का घनत्व ज्यादा है और खेती छोटी है और उसमें लागत अधिक तथा सिंचाई पानी का कोई प्रबंध नहीं है । उन्होंने कहाँ कि भरतपुर में छोटे प्रदूषण रहित उद्योग धन्धे स्थापित होने चाहिये ताकी नौजवानों को रोजगार मिल सके । किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि भरतपुर के मुकावले दूसरे जिले ज्यादा तरक्की कर रहे है । उन्होंने कहा कि एनसीआर और टीटीजेड से भरतपुर जिले को भारी नुकसान हुआ है अब इनसे मुक्ति मिलनी चाहिये । उन्होंने कहा कि अब रबि की सरसौं की फसल मंडियो में आने बाली है सरकार को सभी माकुल प्रबंध करने चाहिये । उन्होंने कहा कि पानी और रोजगार का उनका संघर्ष जारी रहेगा । उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद और पूर्व विधायक पंड़ित रामकिशन ने अपने जीवन में हमेशा जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष किया है ।

किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि पंड़ित रामकिशन उम्र से बुड्ढे है लेकिन हौशले बुलंद है , उनके जज्जबातों को सलाम है । उनके विचार श् लगन और संघर्ष बेमिसाल है । सौ वर्ष की उम्र में आज भी पूर्व सांसद नौजवानों से ज्याद संघर्षशील रहते है ।

सम्मान समारोह में शतायू पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने कहा कि भारत और अमेरिका की जो ट्रेड डील हुई है वो दबाब में हुई है और इससे किसानों को भारी नुकसान होगा । उन्होंने कहा कि मैंने अब तक लगभग जितने मुद्दे उठाये और आन्दोलन किया है उनमें सफलता मिली है जबकि इआरसीपी भी उनमे से एक है । लोग इआरसीपी के बारे कल्पना भी नहीं करते होगे बल्कि कुछ लोग मजाक उठाते थे । उन्होंने कहा कि इआरसीपी को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलौत ने ही जिन्दा रखा था श् लेकिन यह योजना बनी और याद रखना बाणगंगा में पानी भी आयेगा और उसके लिये मैरा और इन्दल सिंह का संघर्ष जारी रहेगा ।उन्होंने अपने सम्मान के लिये सभी का आभार प्रकट किया । कार्यक्रम में रामेश्वर जहानपुर रविन्द्र मूड़िया जाट हीरा सिंह आमौली भगवत जाटव गंगा सहाय पंडित महेश गुर्जर नैवाड़ी राम चरन पैटल भैसीनाघनश्याम गाजीपुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुगढ़ सिंह खैररा पार्षद मान सिंह गुर्जर श् सहित अनेक गणमान्य लोगो ने हिस्सा लिया । संचालन इन्दल सिंह जाट ने किया ।

# लखनपुर में दसवें दिन भी मौन सत्याग्रह जारी

## महिलाएं भी हुई शामिल, विकास मांगों को लेकर आंदोलन, हस्ताक्षर अभियान गांव-गांव पहुंचा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** मुख्यमंत्री गृह क्षेत्र विकास समन्वय समिति के तत्वावधान में प्राचीन श्री लड्डू गोपाल जी राधा-कृष्ण मंदिर, लखनपुर परिसर में चल रहा 'मौन सत्याग्रह एवं ध्यानाकर्षण' दसवें दिन भी शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से जारी रहा। क्षेत्र के विकास को लेकर शुरू हुआ यह आंदोलन अब जनसमर्थन के साथ और अधिक सशक्त होता दिखाई दे रहा है। स्थल पर समिति पदाधिकारियों ने एकजुटता और संयम के साथ अपनी मांगों को दोहराया।

### गांव-गांव पहुंच रहा हस्ताक्षर अभियान

एडवोकेट विजय चौधरी ने बताया कि, धरने के साथ-साथ समन्वय समिति द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में हस्ताक्षर अभियान भी निरंतर चलाया जा रहा है। समिति के सह संयोजक एवं प्रवक्ता लाखन सिंह अलीपुर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत अटारी के गांव टोहिला में हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। वहीं सदस्य मोहकम सिंह नगला मई के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मई के गांव मई में ग्रामीणों से समर्थन प्राप्त किया गया। इसी क्रम में सह संयोजक एवं प्रवक्ता पंकज मिर्चुआ के नेतृत्व में ग्राम पंचायत गगवाना के गांव गगवाना, बसैया कला और नगला मिर्चुआ में भी हस्ताक्षर अभियान जारी रखा गया। ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए क्षेत्रीय विकास की मांगों के समर्थन में अपने हस्ताक्षर किए। समन्वय समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गांवों में पहुंचकर आमजन को समिति द्वारा मुख्यमंत्री गृह क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'मौन सत्याग्रह एवं ध्यानाकर्षण' पूरी तरह शांतिपूर्ण और गांधीवादी तरीके से संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य केवल क्षेत्र के समग्र विकास की मांग को सरकार तक पहुंचाना है। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि यह समय क्षेत्रवासियों के लिए एकजुट होकर अपनी मांगों को सशक्त तरीके से उठाने का है। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से मुख्यमंत्री तक विकास की मांगों का संकल्प पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे आंदोलन को सकारात्मक सहयोग दें, ताकि उपतहसील लखनपुर के क्रमोन्नयन सहित अन्य विकास कार्यों को शीघ्र स्वीकृति मिल सके।

# भुसावर में रोडवेज बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई

## जयपुर-भरतपुर हाईवे पर टायर फटने से हुआ हादसा, कई यात्री घायल

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( संतोष पंडित )।** जयपुर-भरतपुर नेशनल हाईवे संख्या 21 पर खेड़ली मोड़ थाना क्षेत्र के गांव बाछरैन के पास एक राजस्थान रोडवेज बस का टायर अचानक फट गया। इससे बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों को महवा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

खेड़ली मोड़ थाना पुलिस को दुर्घटना की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। थानाधिकारी राजेश कसाना ने बताया कि हाईवे सेफ्टी की मदद से घायलों को महवा के अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने घटना के बाद बस को सड़क के किनारे करवाकर यातायात को सुचारू कराया।

घायलों में अरविंद पुत्र राजेंद्र सिंह प्रजापत (ललिता मूडिया), अशोक पुत्र राजाराज गुर्जर (टुडावली टोडाभीम), कृष्णा पत्नी नाहर सिंह, मनीषा गुर्जर पुत्री राम गुर्जर (रायपुर वैर), धर्मेंद्र पुत्र रमेश चंद कुशवाह (फतेहपुर सीकरी) और तारा पुत्र दूलीराम कुशवाह (बहरावली उच्चैन) शामिल हैं। यात्रियों ने बताया- बस जयपुर से भरतपुर जा रही थी, तभी अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। गनीमत रही कि बस किसी अन्य वाहन से नहीं टकराई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

# श्याम बाबा की पूजा-अर्चना कर बाबा को लगाई हल्दी व मेहंदी

## महिला श्याम भक्तों ने लगाई एक दूसरे को मेहंदी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** दानी श्री श्याम बाबा के पंच दिवसीय फाग महोत्सव कार्यक्रम के पहले दिन बाबा के दरबार में महिला श्याम भक्तों द्वारा हल्दी मेहंदी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम बाबा की पूजा-अर्चना कर बाबा को हल्दी लगाई गई। तत्पश्चात महिला श्याम भक्तों ने एक दूसरे को हल्दी लगाई। महिला भक्त कुसुम अग्रवाल ने बताया कि हल्दी चढाना शुभता का प्रतीक होता है। हल्दी शरीर के सभी चर्म रोंगों को दूर करती है। हल्दी से नकारात्मक उर्जा दूर होती है। यह पवित्रता और सुख समृद्धि का परिचायक है। श्याम भक्त सविता गोयल ने बताया कि बाबा को रिझाने एंव उससे आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए हल्दी लगाई जाती है। उसके बाद मेंहदी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाबा को मेंहदी लगाने के बाद सभी महिला भक्तों ने एक-दूसरे के मेंहदी लगाई। श्याम भक्त श्वेता गोयल ने बताया कि मेंहदी लगाना श्याम बाबा के प्रति प्रेम, समर्पण और अटूट आस्था का प्रतीक है। बाबा को प्रसन्न करने के लिए महिला श्याम भक्तों द्वारा मेंहदी लगाई जाती है। मेंहदी लगाना सुख, सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक होता है।

नीतू सिंह ने बताया कि मेंहदी को सुहाग का प्रतीक माना जाता है। बाबा को मेंहदी अर्पित करने से सुख, शान्ति और सौभाग्य की वृद्धि होती है।

तत्पश्चात् बाबा के दरबार में महिला संगीत का कार्यक्रम बडे धूमधाम से आयोजित किया गया। जिसमें श्याम भक्तों ने बढ-चढ कर भाग लिया। सभी श्याम भक्तों में से 20 महिलाओं को एकल नृत्य



के लिए चुना गया। जिन्होंने शानदार एवं मनमोहक प्रस्तुति दी। उनमें से 5 महिला भक्तों को लॉटरी के द्वारा पुरूस्कार देने बावत् चुना गया। यह लॉटरी समिति संरक्षक बृजेश अग्रवाल द्वारा निकाली गई। जबकि सम्मान स्वरूप पुरूस्कार महंत रोहित महाराज द्वारा दिया गया। पुरूस्कार पाने वालों में नेहा चौधरी, ईशु राजपूत, वर्तिका-कनिका, वर्णिका, दीप्ती रहीं। इस अवसर पर करूणा फौजदार, नयना, ममता, दीपा, प्राची, कोमल, राधारानी, शिमला, पारूल, उषा, मिथलेश, पिंकी गोयल, एकता शर्मा, इन्दु गर्ग सहित सैंकडों की संख्या में महिला श्याम भक्त उपस्थित रहीं। मन्दिर महंत रोहित महाराज ने बताया कि कल 26 फरवरी गुरूवार को बाबा का डोला नगर वासियों का हाल-चाल जानने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेगा। अतः सभी भरतपुर वासी बाबा की यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर बाबा का आशीर्वाद ग्रहण करें।

# प्रोस्टेट ग्रंथि में कोशिकाएं नियंत्रण से बाहर होने से होता है प्रोस्टेट कैंसर - डॉ. राकेश सोलंकी

## प्रोस्टेट बढ़ना मुख्य रूप से उम्र बढ़ने के साथ हार्मोनल बदलावों के कारण होता है

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** प्रोस्टेट कैंसर एक प्रकार का कैंसर है जो प्रोस्टेट ग्रंथि मे होता है। प्रोस्टेट कैंसर तब शुरू होता है जब प्रोस्टेट ग्रंथि में कोशिकाएं नियंत्रण से बाहर होने लगती हैं। प्रोस्टेट एक ग्रंथि है जो केवल पुरुषों में पाई जाती है। यह कुछ तरल पदार्थ का उत्पादन करता है जो वीर्य को बनाने मे मदद करता है।प्रोस्टेट कैंसर धीरे-धीरे बढ़ता है। हालांकि, कई प्रोस्टेट कैंसर अधिक आक्रामक होते हैं और प्रोस्टेट ग्रंथि के बाहर फैल सकते हैं, जो की घातक हो सकता है। प्रारंभिक पहचान और व्यक्तिगत इलाज के साथ प्रोस्टेट कैंसर की जीवित रहने की दर में काफी सुधार हो सकता है। प्रोस्टेट पुरुषों में अखरोट के आकार की ग्रंथि है, जो ब्लेडर के ठीक नीचे और मलाशय) के सामने, मूत्रमार्ग (यूरेथ्रा) के आसपास स्थित होती है - वह नली जो ब्लेडर से युरिन को बाहर निकालती है।एक आदमी की उम्र के अनुसार प्रोस्टेट का आकार बदल सकता है। छोटे पुरुषों में, यह अखरोट के आकार होगा, लेकिन वृद्ध पुरुषों में यह बहुत बड़ा हो सकता है। उक्त जानकारी सारस चौराहा स्थित दी सोलंकी हॉस्पीटल के निदेशक डा0 राकेश सोलंकी एवं उनकी चिकित्सकीय टीम ने इस पत्रकार को दी।

**प्रोस्टेट कैंसर का लक्षण** - डा0 सोलंकी ने बताया कि ज्यादातर मामलों में, प्रोस्टेट कैंसर



के कोई लक्षण नहीं होते हैं। लेकिन कैंसर के ऐडवांस स्टेज पुरुषों को प्रोस्टेट कैंसर होने पर कुछ लक्षणों का अनुभव हो सकता है। पेशाब करने मे मुश्किल या जलन होना। बार-बार पेशाब करने की इच्छा होना, खासकर रात में। मूत्र या वीर्य में खून आना। मूत्र करने मे दर्द होना। कुछ मामलों में, स्खलन पर दर्द इरेक्शन करने या बनाए रखने में कठिनाई। बैठने पर दर्द या बेचैनी, आदि। डा0 राकेश सोलंकी एवं उनकी चिकित्सकीय टीम ने बताया कि प्रोस्टेट बढ़ना मुख्य रूप से उम्र बढ़ने के साथ हार्मोनल बदलावों के कारण होता है, जो आमतौर पर 50 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषों में आम है। बिनाइन प्रोस्टेटिक हाइपरप्लासिया कहते हैं, जो कैंसर नहीं है, लेकिन मूत्राशय पर दबाव डालकर पेशाब संबंधी समस्याएं पैदा करता है।

**प्रोस्टेट बढ़ने के मुख्य कारण** - डा0 सोलंकी ने बताया 50-60 की उम्र के बाद प्रोस्टेट का आकार स्वाभाविक रूप से बढ़ने लगता है, जो एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है। हार्मोनल परिवर्तन टेस्टोस्टेरोन और अन्य यौन हार्मोन के संतुलन में बदलाव प्रोस्टेट कोशिकाओं को बढ़ने के लिए प्रेरित कर सकता है। डीएचटी प्रोस्टेट कोशिकाओं के विकास में एक पुरुष हार्मोन डीएचटी की भूमिका मानी जाती है, जिसका स्तर वृद्ध पुरुषों में अधिक हो सकता है।

**प्रमुख लक्षण** - बार-बार पेशाब आना विशेषकर रात में, पेशाब की धार कमजोर होना या रुक-रुक कर आना, पेशाब शुरू करने में कठिनाई या पेट खाली न होने का अहसास। प्रोस्टेट बढ़ना और प्रोस्टेट कैंसर दोनों अलग-अलग हैं। बढ़े हुए प्रोस्टेट में कोशिकाएं कैंसरयुक्त नहीं होती हैं।

**प्रोस्टेट बढ़ने के लक्षण, कारण, उपचार और परहेज**-प्रोस्टेट ग्रंथि जिसे पौरुष भी कहा जाता है, पुरुष के प्रजनन तंत्र का अहम हिस्सा है। प्रोस्टेट ग्रंथि का आकार तब बढ़ता है जब इसकी कोशिकाएं तेजी से बढ़ने लगती है।

**बढ़ा हुआ प्रोस्टेट एक चिंता का विषय क्यों है? - मेफेयर डायग्नोस्टिक्स**- आमतौर पर बढ़ा हुआ प्रोस्टेट कोई गंभीर समस्या नहीं है यह पुरुषों की उम्र बढ़ने के साथ यह बहुत आम है। लेकिन, 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के 50 प्रतिशत से अधिक पुरुषों को होता है।

## सरकार की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा बैठक

# बजट घोषणाओं का क्रियान्यवन समयबद्धता से करें पूरा- जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** बजट घोषणाओं प्रगति को लेकर जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने सभी विभागों को नवीन बजट घोषणाओं में भूमि आंवटन, तकनीकी स्वीकृति के कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा पुरानी बजट घोषणाओं के कार्य समयबद्ध से पूरे कराने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि बजट घोषणा 2026 में सभी विभाग जिला स्तर पर की जाने वाली तैयारियों को शीघ्रता से करते हुए भू-आवंटन के प्रस्ताव एवं तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्रस्ताव भिजवाऐं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर बजट घोषणाओं के क्रियान्यवन में लापरवाही को गम्भीरता से लिया जायेगा।

उन्होंने चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पिछली बजट घोषणाओं में उपकरण खरीद में देरी को गंभीरता से लेते हुए टेंडर के बाद तकनीकी टीम से जांच आदि कार्य समयबद्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को नवीन घोषणाओं में कार्यालय क्रमोन्त, योजनाओं के विस्तार के कार्य में शीघ्र प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त कर कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग विकास कार्यों का तकमीना बनाना, प्रारूप आदि कार्य के लिए संबन्धित विशेषज्ञों से परामर्श कर कार्य को गति दें। उन्होंने पशुपालन, कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, सूचना प्रौद्योगिकी एवं खेल विभाग के कार्यों के लिए विभागीय स्तर पर पहल कर पोर्टल पर सूचना अपडेट करने की बात कही।



जिला कलक्टर ने जल संसाधन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग को विकास कार्यों के तकमीना एवं फिज़ीबिलिटी जांच कर शीघ्र गति देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम सिटी राहुल सैनी, जिला आबकारी अधिकारी राजीव शर्मा, पीएमओं नगेन्द्र भदौरिया, संयुक्त निदेशक पर्यटन संजय जौहरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

# पसोपा में आयोजित होली मिलन समारोह को लेकर नगर विधानसभा की बैठक हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पसोपा में 1 मार्च को नगर विधानसभा का होली मिलन समारोह आयोजित किया जायेगा। जिसमें उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा एवं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम शिरकत करेंगे। जिसको लेकर डीग कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा जिलाउपाध्यक्ष सतीश बंसल, मनीष शर्मा,भाजपा नेता लखपत गुर्जर, मण्डल अध्यक्ष गोपेश शर्मा,पंचायत समिति सदस्य गजराज सिंह आदि ने प्रोग्राम को लेकर अपने अपने विचार रखे एवं प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए सुझाव दिए। इस मौके पर सतीश व्यास, राजेन्द्र गुर्जर,महीलाल,परमिन्दर सिंह,विनोद पूंछरी, मीडिया प्रभारी सुनील चाहर, ओमप्रकाश बडेसरा,अनेक मास्टर,भोजराज बेढम,हितेश,प्रहलाद,पीतमल शर्मा,साहब सिंह, चन्द्रभान जाटव,विमल ऐडवोकेट,चतर गुर्जर,श्याम लाल जाटव आदि सहित सरपंच गण सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# डोटासरा के सान्निध्य में मजबूत हुआ संगठन ब्यावर-जवाजा कांग्रेस में नया उत्साह

## नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को मिला पीसीसी अध्यक्ष का आशीर्वाद, कार्यकर्ताओं में दिखा जबरदस्त जोश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में ब्यावर विधानसभा क्षेत्र के नवगठित संगठन को नई ऊर्जा मिली, जब ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा और जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धरमसिंह भाटी ने प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से आत्मीय मुलाकात की इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे उत्साहित कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ अपने नेताओं का स्वागत किया और कांग्रेस पार्टी के समर्थन में जोरदार नारे लगाए, जिससे पूरा माहौल उत्साह और ऊर्जा से भर उठा।



### कार्यकर्ता ही कांग्रेस की असली ताकत-डोटासरा

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस की असली शक्ति जमीनी कार्यकर्ता हैं। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाएं उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और आमजन के अधिकारों की लड़ाई कांग्रेस की मूल पहचान है और संगठन की एकजुटता ही आने वाले समय में नए इतिहास की आधारशिला बनेगी

### जिम्मेदारी नहीं, सेवा का अवसर -अजय शर्मा

इस मौके पर ब्यावर ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा और जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धरमसिंह भाटी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया अजय शर्मा ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सेवा का अवसर है। बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना, पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाना और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता रहे मौजूद

कार्यक्रम में कांग्रेस नेता एवं कपासन प्रभारी आशीषपाल पदावत, प्रवीण बडौला, प्रहलाद गुर्जर, सिकंदर काठात, रवि डंडायत, भरत काठात, बन्ना काठात, वृतंजय आर्य, डॉ. जगदीश मेघवाल, ओमप्रकाश गुर्जर, मंगल सिंह भाटी, अशोक पंवार, सतीश सोलंकी, त्रिभुवन राय शर्मा, जगदीश जांगिड, भंवरलाल जांगिड, कालूसिंह, संजय शर्मा, साहिल श्री श्रीमाल, सुरेश बाकोलिया, ओमप्रकाश जोधावत, दौलत सिंह सहित ब्यावर-जवाजा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम ने साफ संकेत दिया कि संगठनात्मक पुनर्संरचना के बाद क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश और सक्रियता देखने को मिल रही है।

## वंडर सीमेंट लि. में नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** वंडर सीमेंट लि. द्वारा सी.एस.आर. नींव इनिशिएटिव के तहत आज कम्पनी के अस्पताल में आयोजित निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर वंडर सीमेंट लि. के यूनिट हेड नितिन जैन के निर्देशन में महावीर इन्टरनेशनल नेत्र चिकित्सालय चित्तौडग़ढ़ की मेडीकल टीम के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। शिविर में कुल 152 व्यक्तियों की नेत्र जांच कर परामर्श दिया गया एवं आवश्यकता अनुसार नजर के चश्में एवं दवाईयाँ भी उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान यूनिट हेड नितिन जैन ने केम्प का निरिक्षण कर बताया कि वंडर सीमेंट लि. के परियोजना क्षेत्र के ग्रामों में भी निरंतर निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किये जा रहे है। ग्रामों में अब तक आयोजित 18 नेत्र शिविरों में कुल 4,281 व्यक्तियों की नेत्र जांच कर परामर्श दिया गया। जिसमें 892 नेत्र रोगियों को निःशुल्क चश्मे एवं आवश्यकता अनुसार दवाईयां भी उपलब्ध करवाई गई। इसी क्रम में 25 फरवरी, 2026 को ग्राम पंचायत फाचर अहिरान के ग्राम रसूलपुरा में निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जायेगा। जैन ने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक नेत्र परीक्षण करवाकर निःशुल्क सेवाओं का लाभ उठाएं। शिविर में वंडर सीमेंट के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्वास जैन, महावीर इन्टरनेशनल नेत्र चिकित्सालय चित्तौडग़ढ़ के अध्यक्ष अभय कुमार संचेती, डॉ कनिका तुल्सानी, शिविर प्रभारी प्रकाश गांग, रतन संचेती तथा नेत्र परीक्षण दल के सुश्री शिवानी पाण्डे, अजय शर्मा, राहुल गर्ग एवं विनोद महरिया द्वारा नेत्र परिक्षण किया गया। शिविर में आर.के. नगर वासियों ने भाग लेकर शिविर को सफल बनाया।

## श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव कार्यक्रमों का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** समग्र जैन समाज की प्रतिनिधि संस्था श्री महावीर जैन मंडल संस्थान द्वारा श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2026 के कार्यक्रम तय किए गए हैं। महासचिव सोहन पोखरना के अनुसार चैत्र शुक्ल त्रयोदशी 2083, महावीर जन्म कल्याण का महोत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत मंडल द्वारा 27 फरवरी को जैन प्रोफेशनल फोरम द्वारा आयोजित कैरियर मार्गदर्शन सेमिनार, 1 मार्च को महावीर जैन महिला मंडल द्वारा आयोजित महिला स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार, 15 मार्च को योग दिवस, 20 मार्च को महिला सम्मेलन, 22 मार्च को जैन मेला, 28 मार्च को सांस्कृतिक संध्या, 29 मार्च को श्री जैन नवयुवक मंडल द्वारा रक्तदान शिविर, फल वितरण, विचार गोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान, 30 मार्च को मेहंदी एवं घूमर का कार्यक्रम होगा। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र दोशी के अनुसार सभी महावीर अनुयायियों में हर्षोल्लास के साथ पारस्परिक प्रेम स्नेह एवं सामाजिक समरसता में अभिवृद्धि हो इसी मंगल कामना के साथ सभी कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। कोषाध्यक्ष नवीन पटवारी ने बताया कि वर्तमान समय को देखते हुए हार्ड कार्ड की अपेक्षा डिजीटल कार्ड से ही आमंत्रण दिये जाएंगे जो सभी वाट्सअप ग्रुप में ही दिये जाएंगे।

## घीसूलाल कोठारी कचहरी उच्च माध्यमिक विद्यालय कपासन हेतु डीएमएफटी मद से 26 लाख स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान


**कपासन (नि.स.)।** नगर कपासन में स्थित घीसुलाल कोठारी विद्यालय परिसर में दो नवीन कक्षा-कक्ष के निर्माण कार्य हेतु डीएमएफटी मद से 26 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। जानकारी अनुसार राजकीय घीसुलाल कोठारी कचहरी उच्च माध्यमिक विद्यालय कपासन (वार्ड सं. 13) में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में सांसद सी.पी. जोशी एवं क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर की अनुशंसा पर डीएमएफटी जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट योजना के अंतर्गत विद्यालय में दो नवीन कक्षा-कक्ष मय बरामदा के निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति जारी की गई है। पूर्व नगर पालिका कपासन अध्यक्ष गजेन्द्र बाघमार ने बताया कि लगभग 26 लाख रुपये की अनुमानित लागत से उक्त विद्यालय में दो नवीन कक्षा कक्षों का निर्माण कराया जायेगा।इस परियोजना के लिए विद्यालय परिसर में उपयुक्त भूमि का चिन्हीकरण (सीमांकन) कार्य पूर्ण कर लिया गया है।जिससे जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। यहां निर्माण कार्य के निरीक्षण एवं भूमि चिन्हीकरण के दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,बूथ अध्यक्ष मुकेश सिरोया,विद्यालय प्रभारी मनोज वर्मा, अशोक उपाध्याय,महेश उपाध्याय,उदयराम गुर्जर,पुलिस चौकी कपासन प्रतिनिधि जितेंद्र गुर्जर आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।



## आसीन्द में 200 किलो दूषित मावा नष्ट, नमूने जांच को अजमेर भेजे

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** होली के त्योहारी सीजन को देखते हुए जिले में मिलावटखोरी पर रोक लगाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को सघन जांच अभियान चलाया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में की गई कार्रवाई के दौरान आसीन्द क्षेत्र में दो प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण किया गया। इस दौरान करीब 200 किलोग्राम बदबूदार एवं दूषित मावा मौके पर ही नष्ट करवाया गया, जबकि मावे के नमूने जांच के लिए अजमेर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अभियान के तहत मैसर्स बालाजी डेयरी प्रोडक्ट, डोटा (आसीन्द) पर निरीक्षण किया। जांच के दौरान लगभग 200 किलोग्राम मावा बदबूदार एवं संदिग्ध अवस्था में पाया गया। आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए टीम ने उक्त मावे को तत्काल मौके पर ही नष्ट करवाया।



## भीलवाड़ा बना सनातन की जीवंत अयोध्या इतिहास रच गई संत दर्शन शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह के अंतर्गत बुधवार को निकली संत दर्शन एवं सनातन शोभायात्रा ने पूरे शहर को राममय, शिवमय और सनातनमय बना दिया। हजारों श्रद्धालुओं की भागीदारी, संतों के सान्निध्य और धर्मध्वजाओं की लहराती छटा के बीच भीलवाड़ा मानो जीवंत अयोध्या बन उठा। प्रातः अयोध्यानगर स्थित दूधाधारी मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। प्रभात फेरी मंडलियों, ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ यात्रा नगर परिक्रमा पर निकली। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा, तोरणद्वार और आरती से स्वागत किया गया। अपराह्न में शोभायात्रा हरि शेवा धाम पहुंची, जहां श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। शोभायात्रा में देशभर से पधारे संत-महापुरुषों की उपस्थिति विशेष आकर्षण रही। उदासीन कार्ष्णि पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी गुरूशरणानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी शरणानंद, भगवत स्वरूप दास, अरुण दास, स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती सहित अनेक महंतों और संतों ने शोभायात्रा की गरिमा बढ़ाई। दीक्षार्थी इन्द्रदेव, सिद्धार्थ एवं कुनाल की नगर परिक्रमा ऐतिहासिक क्षण बन गई। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में नाचते-गाते मंगलकामनाएं अर्पित करते रहे।



नासिक, जम्मू और उड़ीसा की ढोल टीमों की प्रस्तुति, शिव बारात की झांकी तथा उज्जैन से आई महाकाल टीम के करतबों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। 'बम-बम भोले' और 'जय श्री राम' के जयघोष से शहर गूंज उठा। बालक-बालिकाओं के अखाड़ों ने भी आकर्षक प्रदर्शन किया। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने कहा कि दीक्षार्थियों की नगर परिक्रमा को लेकर भीलवाड़ा में जो उत्साह दिखा, वह अभूतपूर्व है। हर गली-चौराहे पर सनातन एकता का भाव नजर आया। विभिन्न समाजों और संगठनों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। सिंधी समाज ने अपने प्रतिष्ठान दोपहर तक बंद रख समर्थन जताया।

आठ दिवसीय महोत्सव का समापन 26 फरवरी को भव्य दीक्षा दान समारोह के साथ होगा।

## भाजपा की तैयारी बैठक में माइक्रो मैनेजमेंट पर जोर



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 28 फरवरी को अजमेर में प्रस्तावित विशाल आमसभा को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में तैयारी योजना बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने की तथा सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला प्रभारी संजय जैन ताऊ सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की परिकल्पना के अनुरूप यह सभा संभाग की अब तक की सबसे बड़ी आमसभा होगी। उन्होंने माइक्रो मैनेजमेंट पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। आवागमन, व्यवस्थाओं और समन्वय के लिए योजनाबद्ध रणनीति बनाने पर बल दिया गया। सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगा। जिला प्रभारी संजय जैन ताऊ ने बताया कि अजमेर में हजारों करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास होंगे। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने विश्वास जताया कि भीलवाड़ा की सहभागिता रिकॉर्ड बनाएगी। बैठक में जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, जिला उपाध्यक्ष गोपाल तेली, मंजू चेचाणी, कुलदीप शर्मा, कल्पेश चौधरी, अशोक तलाइच, विशाल गुरुजी, लक्ष्मण सिंह राठौड़, अमरसिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह मोटरास, ललिता कंवर, लादूलाल जाट, कांता शर्मा, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, महावीर समदानी, रागिनी गुप्ता, महेंद्र नायक, बाबूलाल आचार्य, भगवत सिंह राठौड़, शंकरलाल जाट, इमरान कायमखानी, मंजू पालीवाल, विजय पोखरना, सीपी जोशी सहित जिले भर से भाजपा जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का 1 मार्च को शुभारंभ एवं भूमि पूजन

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ फोरलेन सडक़ निर्माण कार्य का शुभारंभ एवं भूमि पूजन समारोह 1 मार्च 2026, रविवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे धीनवा (निंबाहेड़ा) स्थित खेल मैदान में संपन्न होगा। यह फोरलेन सडक़ निर्माण कार्य क्षेत्र के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के अथक प्रयासों से राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत इस परियोजना के शुभारंभ अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। समारोह में अतिथि के रूप में सहकारिता मंत्री गौतम दक, सांसद सीपी जोशी, विधायक अर्जुनलाल जीनगर, चंद्रभान सिंह आक्या एवं सुरेश धाकड़, चित्तौडग़ढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष रतन लाल गाडरी एवं प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष महावीर सिंह कृष्णावत सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्व प्रधान बगदीराम धाकड़, भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश मंत्री अमर सिंह रावत, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, निंबाहेड़ा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिम मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, कनेरा मंडल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़, छोटीसादड़ी नगर अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, पूर्वी मंडल अध्यक्ष विक्रम कुमावत एवं पश्चिम मंडल अध्यक्ष लोकेश धाकड़ ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर समारोह को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## हिंदू समाज को एकजुट करने हेतु 8 मार्च को चित्तौड़गढ़ में होगी 'समरसता संगोष्ठी' एवं 'संगत-पंगत'

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप), बजरंग दल, मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 8 मार्च को चित्तौडग़ढ़ के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में एक विशाल 'समरसता संगोष्ठी' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री विश्व नाथ टांक ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सर्व हिंदू समाज को एक जाजम पर लाना और समाज में व्याप्त ऊंच-नीच व भेदभाव को मिटाकर एकता का संदेश देना है। वहीं विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने बताया कि वर्तमान में हिंदू समाज विभिन्न कारणों से विघटित हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम को 'संगत और पंगत' का नाम दिया गया है, जहाँ विभिन्न मत-पंथों के लोग पूज्य संतों के साथ बैठकर चर्चा करेंगे और एक साथ भोजन ग्रहण करेंगे। बजरंग दल के जिला संयोजक मनोज साहू ने बताया कि इस अवसर पर केंद्रीय संगठन सह महामंत्री विनायक राव देशपांडे मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहेंगे । बैठक में दुर्गा वाहिनी की क्षेत्रीय संयोजिका लता पांडिया का भी विशेष उद्बोधन रहा । कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभाग संयोजक योगेश दशोरा ने बताया की संगोष्ठी 8 मार्च को शाम 5.30 बजे शुरू होगी, जिसमें समाज को बांटने वाली शक्तियों के विरुद्ध एकजुट होने का संकल्प लिया जाएगा। बैठक में प्रांत गो रक्षा सह प्रमुख मनोज सोनी,प्रांत प्रचार सह प्रमुख अनिल चतुर्वेदी ,नगर मंत्री अभिनन्दन काबरा प्रेम प्रकाश लड्डा, मोहित अरोड़ा, विजय कुमार जगेटिया,बृजेश कुमार राठौर, जितेश नांदावत, आशीष वैष्णव, सागर व्यास, सोहन लाल, दीपक शर्मा, शांति लाल, महावीर प्रसाद कीर,विनोद पटवा, अंकित सोनी, कान सिंह, शेखर शंकर कुमावत,काजल खटीक, दिलीप जोशी, गोपाल छीपा, कैलाश जाट, प्रकाश वैष्णव विभाग संयोजिका लोपामुद्रा जोशी, प्रीति मीणा, जिला संयोजिका शिवानी साहू, नगर संयोजिका अंजलि सैन, विभाग संयोजिका संगीता ओझा, सलोनी रावल, प्राची डांगी,एवं बजरंग लाल आदि उपस्थित रहे।



बूथ स्तर तक मजबूती पर जोर, बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी

## सेवादल सदस्यता अभियान को धार, बैठक में संगठन विस्तार का संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल के सदस्यता अभियान को लेकर बुधवार को अजमेर रोड स्थित होटल श्री में जिला कांग्रेस सेवादल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला प्रभारी विशंभर शर्मा की मौजूदगी में किया गया सेवादल जिलाध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी ने बताया कि संगठन सृजन व विस्तार अभियान के तहत बूथ स्तर तक सेवादल को मजबूत करने का लक्ष्य तय किया गया है।




बैठक में मुख्य अतिथि ब्यावर विधानसभा प्रत्याशी पारस पंच, प्रभारी विशंभर शर्मा, नवनियुक्त नगर अध्यक्ष भरत बाघमार, प्रदेश सचिव सोहन मेवाड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष बालूराम सेन सहित कई पदाधिकारी मंचासीन रहे। सभी अतिथियों का गांधी टोपी व सूत की माला पहनाकर स्वागत किया गया बैठक में वक्ताओं ने सेवादल को कांग्रेस की रीढ़ बताते हुए सदस्यता अभियान तेज करने का आह्वान किया वही जिला प्रवक्ता ऋषि लांबा ने बताया कि संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने और सदस्यता अभियान को गति देने का सामूहिक संकल्प लेते है वहीं पारस पंच ने अभियान में सहयोग का भरोसा दिलाया, जबकि विशंभर शर्मा ने अनुशासन और सक्रियता पर जोर दिया। नगर अध्यक्ष भरत बाघमार ने आगामी पंचायत व निकाय चुनावों में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। सोहन मेवाड़ा, बालूराम सेन, रामनिवास सेन, बाबूलाल पंवार, रणजीत पंवार और अरुण शर्मा ने भी विचार रखे महिला शक्ति की सक्रिय भागीदारी भी दिखी, जिसमें जानवी भारवानी और उर्मिला सोलंकी ने नए सदस्य जोडऩे में योगदान दिया। इस दौरान नवनियुक्त नगर अध्यक्ष भरत बाघमार का सेवादल की ओर से सम्मान भी किया गया । बैठक में महिला प्रदेश सचिव जानवी भारवानी, उर्मिला सोलंकी, बिरादाराम सैनी, मुकेश जोशी, ऋषि लांबा जिला प्रवक्ता,बाबूलाल पंवार, चेतनाराम मेघवाल, एडवोकेट मगन सोलंकी, नज्ब काठात, अरविंद माथुर, रज्जाक मोहम्मद, नरेश मेहरा, पवन तातेड, अरविंद भटनागर, हनुमान सांखला, छगनलाल मेवाड़ा, संदीप जैन, शाकिर कुरैशी, पप्पू पहलवान, भरत कुमार भाटी, शाहिद खान, पन्नालाल सुनारीवाल, धर्मेंद्र, नरेंद्र भटनागर, घनश्याम बरोलिया, नंदकिशोर लावासिया सहित बड़ी संख्या में सेवादल कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# श्री श्याम फाल्गुन मेला 2026



हारे का सहारा

## दिनांक 21 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक

### सुरक्षा व्यवस्था



- मेला क्षेत्र में कुल 10000 सुरक्षाकर्मी, होमगार्ड, सिक्योरिटी गार्ड एवं स्वयं सेवक
- कुल 22 पुलिस सेक्टर व 1 प्रशासनिक सेक्टर
- सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में 400 से अधिक CCTV कैमरों व 06 ड्रोन से निगरानी
- 14 दर्शन कतारों में DFMD व बैगेज स्कैनर मशीन से सुरक्षा जाँच
- 20 पुलिस व प्रशासन सहायता केन्द्र

### सफाई व्यवस्था



- सफाई व्यवस्था हेतु 600 सफाई कर्मी एवं कचरा निस्तारण हेतु 30 ट्रेक्टर व ट्रॉली, 10 ऑटो टीपर जिनकी 24x7 सेवायें
- 500 अस्थायी शौचालयों व 10 सुलभ कॉम्प्लेक्स व 200 कैमिकल टॉयलेट व 100 यूरिनल की व्यवस्था

### रोशनी व्यवस्था



- 41 स्थानों पर अस्थायी अतिरिक्त विद्युत कनेक्शन तथा 35 साउंडप्रूफ जनरेटरों की व्यवस्था।

### पेयजल व्यवस्था



- पर्याप्त पेयजल व्यवस्था एक करोड़ से अधिक पानी के पाऊच, 20 पानी के टेंकर, 2000 लीटर क्षमता की 25 पानी की टंकियों व 06 स्थानों पर जल मंदिर

### चिकित्सा सुविधा




- 16 मेडिकल कैम्पस, 3 कंटीजेन्सी अस्पताल लखदातार ग्राउण्ड निकास, जनता क्लिनिक, लामिया PHC जिसमें निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, उपचार एवं जाँच व्यवस्था 24x7 रहेगी
- 31 एम्बुलेंस कि व्यवस्था 24x7 रहेगी

### सुगम व सुलभ आवागमन



**कुल 450 बसें, 62 ट्रेन व 10 मेला स्पेशल ट्रेन, 50 शटल बस एवं 400 ई-रिक्शा**

- जयपुर सीकर हाईवे से आने वाले छोटे वाहन शाहपुरा होते हुए 52 बीघा पार्किंग में प्रवेश और मण्डा रोड़ से निकास
- जयपुर-सीकर हाईवे से आने वाले बड़े वाहन यथा कॉन्ट्रेक्ट बस, ट्रेक्टर-ट्रॉली व मिनी बस पलसाना रोड़ से होते हुए सांवलपुरा पार्किंग स्थल तक व निकास अलौदा गोवटी रोड़
- जयपुर रेनवाल रोड़ से आने वाले सभी प्रकार के वाहन सीतारामपुरा जोहड़ी पार्किंग स्थल तक
- रींगस से खाटू रोड़ केवल पैदयात्री मार्ग। इस रोड़ से सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित (No Vehicle Zone)
- नोटः सभी पार्किंग निःशुल्क

नोटः नगर पालिका के पास रैन बसेरा कि व्यवस्था

- सांकेतिक गुब्बारों के जरिए श्याम भक्तों को मेला-व्यवस्थाओं की जानकारी (पार्किंग, अस्पताल, मेला ग्राउन्ड व अन्य)

### मंदिर दर्शन व्यवस्था



- रींगस रोड डायवर्जन से चारण खेत होते हुए लखदातार ग्राउण्ड से मंदिर
- मांगीराम धर्मशाला से सैलानियों की ढाणी होते हुए लखदातार ग्राउण्ड से मंदिर
- जयपुर रेनवाल से आने वाले भक्तगण सीतारामपुरा जोहड़ी होते हुए चारण खेत लखदातार ग्राउण्ड से मंदिर

### विशेष सूचना

1. मेला अवधि में वी.आई.पी. दर्शन की सुविधा पूर्णतः बन्द रहेगी।
2. डी.जे. पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा।
3. इत्र की शीशी व काँटेदार फूल मंदिर में साथ लेकर आना वर्जित है।
4. निशान/ध्वजा 8 फिट से अधिक ऊँचाई की नहीं हो।
5. किसी भी वाहन को पार्किंग से खाटू कस्बे में आने की अनुमति नहीं होगी।

खाटू कस्बा मेला अवधि में नो-व्हीकल जोन घोषित।

**भक्तों की राह सुगम और सुलभ करने के लिए मंदिर प्रन्यास एवं प्रशासन की ओर से नवाचार**

मेले से संबंधित सभी जानकारी के लिए

**QR कोड Scan करें**



शक्ति सिंह चौहान (अध्यक्ष)



मानवेन्द्र सिंह चौहान (मंत्री)



रवि सिंह चौहान (कोषाध्यक्ष)

सदस्यः- गोपाल सिंह चौहान, कालू सिंह चौहान, इन्द्र सिंह चौहान, राजवेन्द्र सिंह चौहान

**श्री श्याम मंदिर कमेटी(रजि.) खाटूश्याम जी, जिला सीकर (राज.)**


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।